वर्ष : 34 | अंक : 273 | मुंबई, बुधवार, 10 दिसंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

ओबीसी छात्रों के लिए 65 नए छात्रावास

शिक्षा और छात्र कल्याण से जुड़े मुद्दों पर भी सदन में विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राज्य में ओबीसी विद्यार्थियों के लिए अब तक 65 छात्रावास शुरू किए जा चुके हैं। इसके अलावा जिन जिलों में अभी छात्रावास शुरू नहीं हुए हैं, वहां स्थान चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मंत्री अतुल सावे ने बालिका छात्रावासों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उठे प्रश्नों पर कहा कि सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि डेयरी विभाग की खाली पड़ी भूमि का उपयोग भी छात्रावासों के लिए किया जाएगा, ताकि अधिक संख्या में सुरक्षित व व्यवस्थित भवन उपलब्ध कराए जा सकें।

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल पर स्थापित होगी भव्य प्रतिमा

सदन की चर्चा का दूसरा अहम बिंदु मुंबई के प्रतिष्ठित छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से जुड़ा था। मुख्यमंत्री फडणवीस ने घोषणा की कि सीएसएमटी पर छत्रपति शिवाजी महाराज की एक भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह निर्णय सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ महाराष्ट्र की ऐतिहासिक विरासत को और अधिक मजबूत करने की पहल माना जा रहा है। राज्य के कई नागरिक संगठनों द्वारा लंबे समय से यह मांग उठाई जा रही थी।

केंद्र ने पुनर्निर्मित सीएसएमटी में शिवाजी महाराज की प्रतिमा को मंजूरी दी : सीएम फडणवीस

फलटण की महिला डॉक्टर आत्महत्या प्रकरण : जांच जारी

फलटण की महिला डॉक्टर की आत्महत्या का मामला भी अधिवेशन में गूंजा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस मामले की विस्तृत जांच चल रही है और सरकार महिलाओं की सुरक्षा पर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जांच निष्पक्ष और समयबद्ध होगी।

गुटखा बंदी से लेकर छात्रावासों तक, सदन में सरकार ने किए बड़े ऐलान

शीतकालीन सत्र में घोषणाओं की बारिश

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

नागपुर में चल रहे महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन अधिवेशन में मंगलवार का दिन कई अहम घोषणाओं और सरकारी जवाबों के नाम रहा। सदन में उठे प्रश्नों के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मंत्री अतुल सावे ने राज्य से जुड़े कई संवेदनशील, सामाजिक और प्रशासनिक मुद्दों पर स्पष्ट रुख और ठोस घोषणाएँ कीं। यह दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा क्योंकि कई ऐसे विषय सदन में उठे, जो प्रत्यक्ष रूप से आम जनता, छात्रों, महिलाओं और किसानों के जीवन से जुड़े हुए हैं। विधानसभा के इस सत्र को देखते हुए यह साफ समझ आता है कि सरकार अब कई लंबित मुद्दों पर निर्णायक रुख अपनाने के मूड में है। चाहे बात गुटखा बंदी कानून की कठोरता की हो या बालिका छात्रावासों की सुरक्षा व्यवस्था की—सदन की कार्यवाही ने यह संकेत दिया कि आने वाले महीनों में प्रशासनिक स्तर पर कई बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

▸▸ महाराष्ट्र में गुटखा माफिया की खैर नहीं, मकोका के तहत होगी कार्रवाई

गुटखा बंदी के लिए और कड़ा होगा कानून

सत्र के दौरान सबसे अधिक ध्यान खींचने वाला विषय गुटखा बंदी था। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि राज्य में गुटखा और तंबाकू उत्पादों की तस्करी रोकने के लिए महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (मकोका) में संशोधन किया जाएगा। इससे गुटखा, पान मसाला और चरस जैसे नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त पर कड़ी निगरानी संभव हो सकेगी। फडणवीस ने बताया कि मौजूदा कानून के तहत मकोका लगाने के लिए धमकी या शारीरिक नुकसान जैसे प्रावधान साबित करना जरूरी है, जिससे प्रतिबंधित उत्पाद बेचने वाले आदतन कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई मुश्किल हो जाती है। राज्य सरकार ने इस कमी को दूर करने के लिए केंद्रीय गृहमंत्रालय को संशोधन का प्रस्ताव भेजा है। हालांकि गुटखा और दूसरे तंबाकू उत्पादों पर कई मामले दर्ज हुए हैं, लेकिन कानून की पाबंदियों के कारण कार्रवाई प्रभावी नहीं हो पाती। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि नशीले पदार्थों के संगठित कारोबार पर रोक के लिए और मजबूत कानून की जरूरत है। सरकार द्वारा नवी मुंबई, नागपुर, अहमदनगर, नासिक, यवतमाल सहित कई जिलों में छापेमारी की गई है। प्रस्तावित बदलाव लागू होने पर गुटखा तस्करी को सिर्फ एक रेगुलेटरी अपराध नहीं, बल्कि संगठित अपराध की श्रेणी में लाया जा सकेगा, जिससे इस नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कार्रवाई संभव होगी।

सतारा जिले से आईं 78 शिकायतें

सावे ने कहा कि सतारा में 78, पुणे में 46 और लातूर में 26 कर्मचारियों के खिलाफ शिकायतें दर्ज की गईं। उन्होंने सदन में कहा, 'पुणे जिले में फर्जी प्रमाणपत्र जमा करने के कारण 21 कर्मचारियों को उनके पदों से निलंबित कर दिया गया है और नंदुरबार में दो कर्मचारियों को हटा दिया गया है।'

कड़ी कार्रवाई के दिए गए निर्देश

सरकारी निर्देशों के अनुसार, जिन कर्मचारियों के प्रमाणपत्र फर्जी पाए जाएंगे या जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम आंकी जाएगी, उन्हें दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत धारा 11 के साथ ही अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

3 महीने के अंदर रिपोर्ट देने का आदेश

मंत्री ने कहा कि 9 अक्टूबर को जारी एक सरकारी प्रस्ताव में सभी विभागों को दिव्यांगता प्रमाणपत्रों का सत्यापन पूरा करने और 3 महीने के भीतर यानी 8 जनवरी 2026 तक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि अब तक 719 कर्मचारियों के खिलाफ फर्जी विशिष्ट दिव्यांगजन पहचान पत्र (UDID) प्रमाणपत्र से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं और संबंधित विभागों को मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि केवल 40 प्रतिशत या उससे अधिक मानक दिव्यांगता वाले लोग ही सरकारी नौकरियों, पदोन्नति और अन्य योजनाओं में आरक्षण जैसे लाभ पाने के पात्र हैं।

अब दिव्यांगता प्रमाणपत्रों का सत्यापन अनिवार्य

महाराष्ट्र में फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र को दिखाकर सरकारी नौकरी पाने का मामला सामने आया है। ये मुद्दा विधानसभा के अंदर उठा है। महाराष्ट्र सरकार को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने के मकसद से फर्जी दिव्यांगता प्रमाणपत्र का उपयोग करने के लिए 719 कर्मचारियों के खिलाफ शिकायतें प्राप्त हुईं। महाराष्ट्र के मंत्री अतुल सावे ने मंगलवार को विधानसभा को यह जानकारी दी। दिव्यांग कल्याण मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार दिव्यांगता प्रमाणपत्रों का सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एनसीपी (शरद पवार) विधायक बापू पठारे द्वारा उठाए गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा, 'सरकार को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने के मकसद से फर्जी दिव्यांगता प्रमाणपत्र का उपयोग करने को लेकर 719 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ शिकायतें मिली हैं।'

ब्रीफ न्यूज़

नए मुख्य सूचना आयुक्त के चयन के लिए आज बैठक संभव

नई दिल्ली। देश के नए मुख्य सूचना आयुक्त के चयन के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली तीन सदस्यीय समिति बुधवार को बैठक कर सकती है। इसमें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल हैं। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) में मुख्य सूचना आयुक्त व आठ सूचना आयुक्त के पद रिक्त हैं। केंद्र सरकार ने एक दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में जानकारी दी थी कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली समिति 10 दिसंबर को इन पदों के लिए नामों के चयन के लिए बैठक कर सकती है। सीआईसी में एक मुख्य सूचना आयुक्त और 10 सूचना आयुक्त होते हैं।

मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग का नोटिस

नई दिल्ली। कांग्रेस, डीएमके और समाजवादी पार्टी सहित कई अन्य विपक्षी दलों ने मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ के जज जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दिया। जस्टिस स्वामीनाथन के खिलाफ यह नोटिस तमिलनाडु में एक दरगाह के निकट स्थित मंदिर में कार्तिगई दीपम से जुड़े मामले में फैसले को लेकर दिया गया है। इस नोटिस पर विपक्ष के 120 से अधिक विपक्षी सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, डीएमके नेता टी. आर. बालू सहित कई नेताओं ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर यह नोटिस सौंपा।

लाडकी बहिण योजना में 21 करोड़ का फ्रॉड

नागपुर। महाराष्ट्र सरकार की महत्वाकांक्षी लाडली बहना योजना में करीब 21 करोड़ रुपये की गड़बड़ियां सामने आई हैं। विधान परिषद में महिला व बाल कल्याण मंत्री अदिति तटकरे ने स्वीकार किया कि योजना का गैर-कानूनी लाभ उठाया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि दोषी पाए जाने वाले पुरुषों और सरकारी कर्मचारियों से वसूली के साथ-साथ कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही 31 दिसंबर 2025 तक सभी लाभार्थी महिलाओं के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। विपक्ष की ओर से 15 विधायकों ने सदन में सवाल उठाए।

महायुति में अब ऑल इज वेल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

- पहले चरण के चुनाव में खींचतान, अब साथ आए भाजपा-शिवसेना
- निकाय चुनावों के लिए भाजपा-शिवसेना में गठबंधन

महाराष्ट्र में कई दिनों से चली आ रही तकरार के बाद भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने आखिरकार नगर निकाय चुनावों में साथ उतरने का फैसला कर लिया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक मुंबई, ठाणे और अन्य नगर निगमों में दोनों दल एक गठबंधन के तौर पर चुनाव लड़ेंगे। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब महायुति के भीतर पिछले कुछ महीनों से तनाव खुलकर सामने आने लगा था। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सोमवार देर रात हुई बैठक में यह निर्णय किया गया कि भाजपा और शिवसेना मौजूदा महायुति गठबंधन के तौर पर ही निकाय चुनावों में उतरेंगी। बैठक नागपुर में हुई, जहां वर्तमान में विधानसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा है।

महायुति में खींचतान खत्म करने की कोशिश

बैठक में भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले और रविंद्र चव्हाण भी मौजूद रहे। सूत्रों ने बताया कि दोनों दलों ने यह सहमति बनाई कि वे एक-दूसरे के नेताओं को नहीं तोड़ेंगे और न ही दल-बदल को बढ़ावा देंगे। हाल के महीनों में महायुति घटक दलों के बीच खींचतान बढ़ गई थी, क्योंकि स्थानीय चुनावों के पहले चरण में भाजपा और शिवसेना कई जगह आमने-सामने आ गई थीं। कई सीटों पर कैंपेन भी तीखा हो गया था, जिसे लेकर शिंदे ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को शिकायत की थी। शिवसेना के एक अन्य नेता ने बताया कि सीट बंटवारे को लेकर चर्चा स्थानीय स्तर पर अगले दो-तीन दिनों में शुरू होगी। दोनों दल यह सुनिश्चित करने की कोशिश में हैं कि पिछले चुनावों में जो गलतियां हुईं, वे इस बार न दोहराई जाएं। दोनों ही दलों का जोर खास तौर पर मुंबई और ठाणे पर रहेगा, जहां चुनाव बेहद प्रतिष्ठा का मामला माने जाते हैं।

शिंदे ने विधायकों को दिया निर्देश

एकनाथ शिंदे ने सोमवार को अपने विधायकों और मंत्रियों के साथ अलग बैठक की। उन्होंने कहा कि महायुति में शामिल भाजपा, शिवसेना और एनसीपी को एकजुट होकर लड़ना चाहिए। उन्होंने नेताओं को निर्देश दिया कि वे कोई ऐसा बयान न दें या कदम न उठाएं जिससे गठबंधन में विवाद बढ़े। शिंदे ने यह भी कहा कि जिला परिषद और नगर निगम चुनावों में महायुति को मजबूत तरीके से उतरना होगा ताकि विपक्ष को कोई मौका न मिले।

आगे की और चुनौती

पहले चरण के स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति के सहयोगी दल कई जगह सीधे टकरा गए थे। इससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ी और चुनावी माहौल बिगड़ने लगा। अब जब दोनों दलों ने औपचारिक तौर पर साथ लड़ने का फैसला किया है, तो चुनौती यह है कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को एकजुट कैसे रखा जाए।

महाराष्ट्र के किसानों को सरकार का तोहफा

▸▸ फसल नुकसान पर एनडीआरएफ फंड के तहत मिलेगा मुआवजा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाराष्ट्र के किसानों को राहत की बात कही। हाल के दिनों में भारी बारिश और बाढ़ से कृषि फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। इस पर केंद्र सरकार ने स्पष्ट संकेत दिया है कि नुकसान के आकलन के बाद किसानों को राशि उपलब्ध कराई जाएगी। चौहान ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी देते हुए कहा कि मूल्यांकन प्रक्रिया 'क्रॉप कटिंग एक्सपेरीमेंट' और संबंधित योजनाओं के आधार पर होगी।

फसल बीमा योजना और एनडीआरएफ से मिलेगी सहायता

शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन के अनुसार सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रधामंत्री फसल बीमा योजना के तहत राशि उपलब्ध कराएगी और एनडीआरएफ के जरिये भी राज्य को आर्थिक मदद दी जाएगी। मंत्री का कहना है कि महाराष्ट्र में हुए नुकसान का व्यक्तिगत तौर पर भी उन्होंने निरीक्षण किया है।

किसानों को त्वरित मदद का भरोसा

कृषि मंत्री ने सदन को बताया कि महाराष्ट्र सरकार नुकसानग्रस्त किसानों को प्रारंभिक सहायता दे रही है और केंद्र की ओर से भी मदद जारी रहेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को किसी भी स्तर पर सहायता में कमी नहीं आने दी जाएगी। कांग्रेस सांसद के प्रश्न के उत्तर में चौहान ने कहा कि तमिलनाडु के कोयंबटूर क्षेत्र में कीटों के कारण नारियल की फसल को हुए नुकसान का आकलन कर लिया गया है। इस विषय में विशेषज्ञों की टीम भेजी गई है।

महाराष्ट्र में 'कैश बम' धमाका!

उद्धव ठाकरे के नेता के वीडियो से मचा सियासी भूचाल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में उस वक्त हलचल बढ़ गई, जब शिवसेना (यूबीटी) के नेता अंबादास दानवे ने 9 दिसंबर की सुबह अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो के दो फ्रेमों में एक तरफ एक विधायक और दूसरी तरफ नोटों की गड्डियां नजर आ रही थीं। शीतकालीन अधिवेशन शुरू होने के दूसरे ही दिन दानवे ने यह वीडियो शेयर किया, जिसमें कुल तीन क्लिप शामिल हैं। इनमें से एक में विधायक महेंद्र दळवी दिख रहे हैं, जबकि अन्य में नोटों के बंडल दिखाई देते हैं। दानवे ने भले ही किसी का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया, लेकिन सरकार से तीखे सवाल पूछते हुए माहौल गरमा दिया है।

दानवे ने क्या कहा?

दानवे ने एक्स पर लिखा, "इस सरकार के पास किसानों की कर्जमाफी के लिए पैसा नहीं है बाकी सब ओके है! जनता को बताइए फडणवीस और शिंदे जी, ये विधायक कौन हैं और ये नोटों की गड्डियों के साथ क्या कर रहे हैं?" शिवसेना (यूबीटी) विधायक सचिन अहीर ने भी आरोप लगाया कि किसानों की मदद के लिए पैसा नहीं है लेकिन सत्ता पक्ष के पास करोड़ों रुपये मौजूद हैं, जिससे भ्रष्टाचार का संकेत मिलता है।

'ट्रेन के दरवाजे पर खड़ा होना लापरवाही नहीं'

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में रोजाना लाखों लोग लोकल ट्रेन से सफर करते हैं और भीड़ के कारण कई यात्री दरवाज़े के पास खड़े होकर जान जोखिम में डालकर यात्रा करते हैं। इसी हकीकत को उजागर करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने साफ कहा कि पीक आवर में दरवाज़े पर खड़े होना मजबूरी है, इसे यात्री की लापरवाही नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने रेलवे द्वारा दी गई दलीलों को खारिज करते हुए पीड़ित परिवार को मिला मुआवज़ा बरकरार रखा।

मुआवजे से वंचित नहीं कर सकते: हाईकोर्ट

पीक आवर की सच्चाई को समझना होगा

कोर्ट ने इस बात को स्वीकार किया कि 2005 से लेकर आज तक यात्रा की यह मुश्किलें नहीं बदली हैं। अदालत ने कहा कि भायंदर स्टेशन पर ट्रेन में घुसना बेहद मुश्किल होता है, इसलिए दरवाज़े पर खड़े यात्रियों को दोषी ठहराने की दलील तर्कसंगत नहीं है। कोर्ट ने कहा कि "अगर किसी को काम पर जाना है और डिब्बे में जगह नहीं है।

चुनाव आयोग ने बढ़ाई फाइनल वोटर लिस्ट जारी करने की तारीख

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य की 29 मनपाओं के चुनाव के लिए फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की तारीख पांच दिन बढ़ा दी है। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में गड़बड़ी को ठीक करने के लिए मनपा आयुक्तों ने मोहलत मांगी थी। इसलिए आयोग ने निर्धारित समय को पांच दिन बढ़ा दिया है।

आपत्ति और सुझाव देने की डेडलाइन बढ़ाने की मांग

आयोग ने राज्य की 29 मनपा के चुनावों के लिए वोटर लिस्ट तैयार करने का कार्यक्रम घोषित किया था। मतदासा सूची को वार्ड-वाइज व पोलिंग स्टेशन-वाइज बांटकर और उसके हिसाब से फाइनल लिस्ट तैयार करने की जिम्मेदारी संबंधित मनपा आयुक्तों को सौंपी गई है। इसी हिसाब से मनपा प्रशासन ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित की है।

शीतकालीन सत्र ▸ 60 लाख परिवार के 3 करोड नागरिकों को मिलेगी राहत

गुंठेवारी या छोटे भूखंड का नियमितिकरण होगा, विधानसभा में विधेयक मंजूर

देवेंद्रनाथ जैसवार | मुंबई

मुंबई। शहर और नगरीय क्षेत्रों में गुंठेवारी तथा छोटे भूखंडों का नियमितीकरण आसान हो जाएगा। अब तक इन भूखंडों का नाम सातबारा में दर्ज नहीं होता था, जिसके कारण मालिकाना हक को लेकर तकनीकी दिक्कतें सामने आती थीं। मंगलवार को विधानसभा में महाराष्ट्र जमीन महसूल संहित सुधार विधेयक 2025 मंजूर होने के बाद ले-आऊट संचालक से लेकर भूखंडधारकों के नाम सातबारा रिकॉर्ड में शामिल किए जा सकेंगे। अधिनियम प्रक्रिया पूरी होने पर नागरिकों को तत्काल लाभ मिल सकेगा।

एनए लेने की प्रक्रिया खत्म

राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के अनुसार संशोधन से राज्य के करीब 60 लाख परिवारों यानी लगभग 3 करोड़ नागरिकों को सीधी राहत मिलेगी। कई वर्षों से नगरीय क्षेत्रों में 5 से 10 गुंठा या उससे कम जमीन पर मकान बनाकर रहने वाले नागरिकों को मालकी हक पाने में तकनीकी बाधाओं का सामना करना पड़ता था। अब विकास योजना प्रारूप या प्रादेशिक प्रारूप मंजूर होने पर संबंधित क्षेत्र में एनए (अकृषिक उपयोग) की आवश्यकता नहीं रहेगी और एक बार अधिमूल्य भरने के बाद प्रक्रिया पूरी मानी जाएगी।

विपक्ष की आशंका, बिल्डरों को लाभ मिलने की चिंता

विधेयक पर चर्चा के दौरान शिवसेना (उद्धव) के विधायक भास्कर जाधव ने कहा कि इससे बिल्डर लॉबी को अनावश्यक लाभ मिलने की संभावना है। जाधव ने कहा कि मुद्रांक शुल्क माफी का निर्णय पहले लिया गया था, जिससे एक बिल्डर को भारी लाभ हुआ। इसलिए नए विधेयक में भी बिल्डरों को अनुचित लाभ नहीं मिलना चाहिए।

51वीं पार्लियामेंट्री स्टडीज़ क्लास का उद्घाटन

डीबीडी संवाददाता | नागपुर

नागपुर में मंगलवार को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (CPA) द्वारा आयोजित 51वें संसदीय अध्ययन वर्ग का भव्य उद्घाटन हुआ। यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि लोकतंत्र की बुनियाद को समझने वाले भविष्य के युवाओं के लिए एक सजीव कक्षा जैसा अनुभव था। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र विधानपरिषद के ऐतिहासिक सभागृह में इसका उद्घाटन किया। इस खास मौके पर उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से, मुझे हमेशा यह लगता रहा है कि जब तक युवा संसद और विधानमंडल की वास्तविक प्रक्रिया को समझेंगे नहीं, तब तक लोकतांत्रिक सहभागिता केवल पुस्तकों तक सीमित रह जाएगी। आज का आयोजन उसी समझ को जीवंत करने की दिशा में बड़ा कदम प्रतीत हुआ।

संसदीय प्रक्रिया ही लोकतंत्र की पहली सीढ़ी

कार्यक्रम की शुरुआत में विधानपरिषद सभापति प्रो. राम शिंदे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संसदीय व्यवस्था की प्रक्रिया समझना लोकतंत्र की पहली सीढ़ी है। उन्होंने विधानपरिषद की 100 वर्षों की परंपरा का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार नियम, प्रक्रियाएँ और अनुशासन किसी भी लोकतांत्रिक संस्थान की रीढ़ होते हैं।

विविधता में एकता ही भारत का लोकतांत्रिक सहारा

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने संबोधन में भारत की लोकतांत्रिक यात्रा को अत्यंत सशक्त बताया। उन्होंने कहा कि देश विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों और विचारों के बावजूद लोकतंत्र को स्थिरता से निभा रहा है। उनके मुताबिक संसदीय समितियाँ, प्रश्नोत्तर काल, चर्चा, नीति निर्माण–ये सभी वह प्रक्रियाएँ हैं, जिन्हें समझे बिना शासन की आत्मा को समझना संभव नहीं।

युवा ही लोकतंत्र के भविष्य के प्रतिनिधि

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस अवसर पर कहा कि युवाओं को संसदीय अध्ययन वर्ग से नेतृत्व की दिशा में प्रेरणा अवश्य मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लोकतंत्र की मशाल आने वाली पीढ़ियाँ ही आगे ले जाएंगी और ऐसे अध्ययन कार्यक्रम उन्हें सही दिशा में प्रशिक्षित करते हैं। उनके शब्दों में उत्साह भी था और जिम्मेदारी का ऊँचा भाव भी। आज की तेज़ गति में युवाओं का राजनीति से दूरी बनाना एक गंभीर विषय रहा है, पर ऐसे कार्यक्रम इस दूरी को पाटने का काम कर रहे हैं—यह बात स्वयं अनुभव करने योग्य थी।

तर्कपूर्ण संवाद और जिज्ञासा को बढ़ावा

विधानसभा अध्यक्ष एड. राहुल नार्वेकर ने विद्यार्थियों से तर्कपूर्ण प्रश्न पूछने की प्रेरणा दी। उनकी दृष्टि यह स्पष्ट करती है कि संसद हो या विधानसभा सत्ता से प्रश्न पूछना किसी भी व्यवस्था को बेहतर बनाता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता तभी बढ़ेगी जब हम सही प्रश्न पूछने की आदत को अपनाएँ। एक विद्यार्थी की उत्सुकता ही आगे चलकर नेतृत्व का आधार बनती है। उनके इस कथन से यह साफ हो गया कि विधानमंडल युवाओं को केवल ज्ञान नहीं देना चाहता, बल्कि उन्हें सक्रिय सहभागी बनाने का भी इरादा रखता है।

राजनीति में अध्ययन की भूमिका

इस अवसर पर डॉ. नीलम गोर्हे ने राजनीति में अध्ययन, विश्लेषण और निर्णय क्षमता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने घोषणा की कि विधानपरिषद के शताब्दी वर्ष से संबंधित महत्त्वपूर्ण ग्रंथ विद्यार्थियों तक पहुँचाए जाएंगे, जिससे वे विधायी इतिहास को और बेहतर समझ सकें। यह घोषणा इस अध्ययन वर्ग को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक शैक्षणिक निवेश बना देती है। व्यक्तिगत रूप से, मैंने यह महसूस किया कि वर्तमान समय में युवाओं को राजनीति में दिलचस्पी तो है, पर सही और विश्वसनीय स्रोतों की कमी अक्सर उन्हें सतही समझ तक सीमित रखती है।इस पहल से वह कमी काफी हद तक पूरी हो सकती है।

विद्यार्थियों में दिखीं उत्सुकता

आज के आयोजन में जो सबसे विशेष बात दिखी, वह था विद्यार्थियों का उत्साह। कोई प्रश्न पूछने को उत्सुक था, कोई प्रक्रिया जानने को। यह वातावरण बहुत समय बाद किसी संसदीय मंच में इतने जीवंत रूप में देखने को मिला। यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि ऐसे अध्ययन वर्ग लगातार आयोजित होते रहें, तो आने वाली पीढ़ी का लोकतंत्र के प्रति दृष्टिकोण केवल बेहतर ही नहीं, बल्कि अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार बनेगा।

न्यूज़ ब्रीफ

जातिसूचक शब्द कहने और धमकी देने के मामले में केस दर्ज

भिवंडी। भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में बिपिन नागदा नामक व्यक्ति के खिलाफ 41 वर्षीय हिंदू दलित महिला को जातिसूचक शब्दों से धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता बिपिन नागदा के लिए घरेलू कामगार के रूप में काम करती थीं और दोनों परिचित हैं। पहले उनके बीच बहस हुई थी, जिसके बाद पीड़िता ने लेबर कोर्ट में बिपिन के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जो वर्तमान में अदालत में लंबित है। 31 अक्टूबर को सुबह 8:30 से 9 बजे के बीच, जब बिपिन नागदा धामनकर नाका से पायल टॉकीज की ओर गाड़ी चला रहे थे, पीड़िता ने उन्हें रोककर लेबर कोर्ट में लंबित मामले को सुलझाने के लिए कहा। इस दौरान बिपिन नागदा ने पीड़िता को जातिसूचक भाषा का इस्तेमाल कर धमकाया। शिकायत के आधार पर 6 दिसंबर को भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(2)(टी) के तहत मामला दर्ज किया गया।

इंदुरिकर महाराज का कीर्तन कार्यक्रम, गांव स्तर पर जागरूकता बढ़ाने की पहल

ठाणे। मुख्यमंत्री समृद्धि पंचायत राज अभियान के तहत गांवों में पब्लिक अवेयरनेस बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 11 दिसंबर को शाम 5 से 7 बजे शिवाजीराव जोंधले कॉलेज (आसनगांव) में निरुपंकर निवृत्ति महाराज देशमुख (इंदुरिकर महाराज) का कीर्तन रखा गया है, जिसका मकसद ग्रामीणों में सरकारी योजना, विकास कार्य और प्रशासन के प्रति भरोसा बढ़ाना है। इंदुरिकर महाराज के मनोरंजक और संदेशप्रधान अंदाज से लोगों में जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है। जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों, पंचायत सदस्यों, महिला समूहों और ग्रामीणों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

सुरक्षित समुद्री नौवहन पर वैश्विक बैठक का उद्घाटन

मुंबई। समुद्री नौवहन सहायता के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठन (आईएएलए) की तीसरी काउंसिल बैठक का मंगलवार को यहां औपचारिक तौर पर उद्घाटन किया गया। यह बैठक 12 दिसंबर तक चलेगी। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि सुरक्षित और सतत समुद्री नौवहन के भविष्य को आकार देने के लिए वैश्विक नेताओं का स्वागत करना गर्व की बात है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत समुद्री क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए अहम कदम उठा रहा है, जिसमें पुरानी समुद्री विरासत को अत्याधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा जा रहा है। सोनोवाल ने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया स्वतः संचालित जहाज और डिजिटाइजेशन की ओर बढ़ रही है, वैश्विक तालमेल में आईएएलए की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है और भारत सुरक्षित समुद्रों के साझा दृष्टिकोण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक का आयोजन डायरेक्टरेट जनरल ऑफ लाइटहाउस एंड लाइटशिप्स और केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने संयुक्त रूप से किया है।

तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी-अंजुर फाटा–ठाणे रोड पर काल्हेर स्थित बी मार्ट के सामने सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद नारपोली पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है।

काम से लौटते समय हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार, बोरीवली निवासी नरेश खिमजी मिनात (44) सोमवार को काम से भिवंडी आए थे। रात करीब 10 बजे जब वह अंजुर फाटा–ठाणे मार्ग से वापस घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार टाटा कंपनी के ट्रक (क्रमांक MH-04 GR-8717) ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नरेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने आरोपी चालक को किया गिरफ्तार

घटना की सूचना मिलते ही नारपोली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए आईजीएम अस्पताल भेजा गया। मृतक के भाई भावेश मिनात की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 135 के तहत नोटिस जारी किया गया है।

बेलगाम ड्राइवरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे में लगातार बढ़ रहे ट्रैफिक जाम, नियम उल्लंघन और बेलगाम ड्राइविंग को रोकने के लिए आरटीओ ने कड़े कदम उठाए हैं। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक की सलाह पर घोड़बंदर रोड समेत प्रमुख रास्तों पर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ विशेष कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया गया है। आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जाएगा।

विशेष टीम और अधिकारियों को जिम्मेदारी

ठाणे मुख्य आरटीओ अधिकारी हेमांगिनी पाटिल के निर्देश पर वायुदात टीम नंबर 1 से 5 और 10 मोटर व्हीकल इंस्पेक्टरों को तुरन्त अभियान में लगाया गया है। उप आरटीओ अधिकारी रोहित काटकर के अनुसार कोल्ड ड्रिंक ट्रक, ट्रैवल बस, प्राइवेट बस, भारी गाड़ियों के साथ-साथ अवैध पार्किंग, गलत लाइसेंस रजिस्ट्रेशन और नॉइज़ पॉल्यूशन बढ़ाने वाले मॉडिफिकेशन पर विशेष नजर रखी जाएगी।

घोडबंदर रोड और प्रमुख इलाकों में सख्त कार्रवाई

कई ड्राइवर हेलमेट नहीं पहनते, लेन डिसिप्लिन नहीं मानते, तीन लोगों को बैठाते, अवैध सामान ढोते और खतरनाक तरीके से वाहन चलाते पाए जाते हैं। इसी वजह से घोड़बंदर रोड, ईस्ट–वेस्ट एक्सप्रेसवे और कलवा–मजीवाड़ा में ट्रैफिक बढ़ रहा है। इन समस्याओं को रोकने के लिए आरटीओ ने 'स्पेशल इंस्पेक्शन कैंपेन' शुरू कर दिया है जिसमें वाहन सीज करने से लेकर लाइसेंस कैंसिल तक की कड़ी कार्रवाई होगी।

ट्रैफिक व्यवस्था को मिलेगी राहत

अभियान का उद्देश्य दुर्घटनाओं में कमी लाना, बेतरतीब ड्राइविंग रोकना और अनावश्यक हॉर्न से निजात दिलाना है। उप आरटीओ अधिकारी रोहित काटकर ने साफ किया कि नियम तोड़ने वालों को किसी भी तरह की छूट नहीं मिलेगी और ठाणे में सुरक्षित व सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था पहली प्राथमिकता रहेगी।

युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवक पर विनयभंग का केस दर्ज

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

कोनगांव पुलिस स्टेशन क्षेत्र में रहने वाली 20 वर्षीय युवती के साथ उसके ही पहचान वाले युवक द्वारा छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, 21 नवंबर की शाम करीब 7 बजे जब युवती काम से घर लौट रही थी, तभी डोंबिवली निवासी जय उर्फ अनिकेत आजाद बोहत (24) ने बिल्डिंग की सीढ़ियों पर उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें कीं।

धमकी के बाद देर से हुई शिकायत



पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना के बारे में किसी को बताने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। इस वजह से शिकायत दर्ज करने में देरी हुई। लगभग 15 दिनों बाद, पीड़िता ने 8 दिसंबर को कोनगांव पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ सीआर नंबर 557 के तहत बीएनएस की धारा 73 और 352(3) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

मामूली झगड़े में चाकू से जानलेवा हमला

दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर-1 स्थित धोलूराम दरबार परिसर में 34 वर्षीय जय उर्फ जैकी पुरुषोत्तम आज़मचंदानी के साथ दो अज्ञात व्यक्तियों ने मामूली विवाद के कारण गाली-गलौज और मारपीट की, जिसके दौरान एक आरोपी ने चाकू से पेट में वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना 8 दिसंबर, 2025 को शाम लगभग 4:00 बजे हुई, जब आज़मचंदानी अपनी बेटी को खाना खिलाने के लिए स्कूटर से पास की दुकान जा रहे थे। आरोपियों ने उनकी कार के पीछे से तेज़ गति से आकर विवाद शुरू किया और मारपीट के बाद धारदार हथियार से हमला किया।

दोनों अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी

घटना के बाद उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस उपनिरीक्षक निकिता भोईगड़ मामले की जांच कर रही हैं। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फिलहाल, दोनों अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है और पुलिस द्वारा जल्द गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है।

एलओपी का लॉलीपॉप सरकार ने लगाया झगड़ा

नियम का हवाला देकर मंजूरी रोक रखी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नागपुर

राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में सत्तारूढ़ महायुति ने विपक्ष को नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) पद की बहस में उलझाकर संभावित आक्रमण को धीमा कर दिया है। यूबीटी ने भास्कर जाधव का नाम विधानसभा के लिए बढ़ाया है, जबकि कांग्रेस ने परिषद में सतेज (बंटी) पाटिल का प्रस्ताव रखा है। वहीं भाजपा की ओर से अनौपचारिक स्तर पर मविआ नेताओं से बातचीत कर विजय वडेट्टीवार और अनिल परब के नामों पर समर्थन की पेशकश किए जाने की चर्चा भी गर्म है।

जाधव की नाराज़गी और 10% नियम का पेंच

यूबीटी नेता भास्कर जाधव लंबे समय से अपनी भूमिका को लेकर असंतुष्ट हैं। इसी पृष्ठभूमि में उद्धव ठाकरे ने बजट सत्र 2025 में उन्हें विधानसभा में एलओपी का दावेदार बताया था। मविआ ने औपचारिक रुप से विधानसभा अध्यक्ष को इस संबंध में पत्र भी दिया है, लेकिन महायुति ने 10% संख्या बल के प्रावधान का हवाला देकर मंजूरी टाल दी है। वहीं कांग्रेस के विजय वडेट्टीवार भी एलओपी पद के मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। कांग्रेस ने परिषद के लिए सतेज पाटिल का नाम सभापति राम शिंदे के सामने रखा है। भाजपा की यह चाल महाविकास आघाड़ी में दरार पैदा करने की कोशिश के तौर पर देखी जा रही है। विश्लेषकों का कहना है कि यदि विधानसभा में वडेट्टीवार एलओपी बने तो यूबीटी में जाधव और कांग्रेस में सतेज पाटिल को लेकर असमंजस बढ़ सकता है। राजनीतिक गलियारों में यह भी माना जा रहा है कि भाजपा इस प्लान से शिंदे गुट को राहत देना चाहती है, क्योंकि आक्रामक जाधव विपक्ष के नेता बने तो सीधे शिंदे गुट पर निशाना साधे जाने की आशंका है।

शहर का पहला मियावाकी जंगल सुरक्षा के अभाव में बन रहा शौचालय

विनय दूबे | भाईंदर

मीरा-भाईंदर मनपा के सार्वजनिक बांधकाम विभाग और उद्यान विभाग की अनदेखी के कारण शहर का पहला मियावाकी जंगल अब सार्वजनिक शौचालय बनने की कगार पर है। इंसानों की लापरवाही से हरे-भरे पेड़ तो परेशान हो ही रहे हैं, साथ ही उठती दुर्गंध से स्थानीय नागरिक भी त्रस्त हैं। वन की सुरक्षा के लिए सुरक्षा दीवार बनाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है।

शहर में कुल 3 मियावाकी जंगल बनाए गए

शहर में वायु प्रदूषण कम करने और जैव विविधता बढ़ाने के उद्देश्य से मियावाकी पद्धति के तहत स्थानीय पौधों को घने तौर पर लगाया जाता है, जिससे वे तेजी से बढ़ते हैं। यह तकनीक वायु प्रदूषण कम करने, मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने और जैव विविधता बढ़ाने में मदद करती है। ज्ञात हो कि शहर में कुल 3 मियावाकी जंगल बनाए गए हैं। मीरा रोड के इंद्रलोक फेज-3 में स्थित आरक्षण क्रमांक 230 पर मेकिंग द डिफरेंस नामक सामाजिक संस्था के साथ मिलकर एमबीएमसी ने वर्ष 2023 में लगभग 28,000 वर्ग फुट क्षेत्र में 55 से अधिक प्रजातियों के 10,500 पौधे लगाए थे। इसका प्रचार भी जोर-शोर से किया गया था। लेकिन वन के चारों तरफ सुरक्षा दीवार निर्माण अधूरा रहने के कारण यह क्षेत्र धीरे-धीरे गंदगी करने का ठिकाना बनता गया। रिक्शा चालक और राहगीर खुले में शौच करने लगे हैं, पालतू कुत्तों की गंदगी भी यहीं होती है, कचरे का ढेर जमा रहता है। शुद्ध हवा की जगह बदबूदार हवा से नागरिक परेशान हैं। एमबीएमसी के उदासीन रवैये के कारण अब आशंका है कि कहीं अतिक्रमण रूपी अजगर इस वन को भी न निगल ले।

मनपा की लापरवाही से जनता परेशान: संतोष दीक्षित

स्थानीय नागरिक एवं भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष दीक्षित ने कहा कि शुद्ध हवा के लिए जंगल तो बनाया गया लेकिन सुरक्षा की अनदेखी का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

215 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया

कस्तूरी हाइट्स में लगी आग

डीबीडी संवाददाता | भाईंदर

भाईंदर (पूर्व) के इंद्रलोक परिसर में स्थित कस्तूरी हाइट्स नामक 12 मंजिला इमारत में लगी आग को अग्निशमन विभाग ने काबू में कर लिया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। संभावित बड़े खतरे को समय रहते टालने में विभाग सफल रहा। आंशिक रूप से झुलसी महिला और उसके ढाई साल के बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

"दमकल विभाग आग को पूरी तरह से बुझाने में सफल रहा। आग से उत्पन्न धुएं के कारण कुछ लोगों को सांस लेने में कठिनाई हो रही थी, इसलिए उन्हें सरकारी अस्पताल सहित दो निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति सामान्य है। आग बुझाने और किसी भी प्रकार की अनहोनी को टालने के लिए घटनास्थल पर कुल 6 अग्निशमन वाहन, 9 अधिकारी और 20 अग्निशमन कर्मचारी तैनात थे। साथ ही नवघर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे।

– डॉ. प्रकाश बोराडे, अग्निशमन विभाग के चीफ

15 से 20 मिनट में आग पर काबू

12 मंजिला इस इमारत में कुल 72 फ्लैट हैं। मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11.30 बजे बिल्डिंग की डक्ट में प्रथम मंजिल पर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग घटनास्थल पर पहुंचा। निरीक्षण के दौरान पता चला कि इमारत के इलेक्ट्रिक डक्ट में आग लगी थी। दमकल अधिकारियों ने तुरंत होज़ लाइन डालकर आग बुझाना शुरू किया और लगभग 15 से 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। इमारत के इलेक्ट्रिक डक्ट से आग को ऊपरी हिस्से में फैलने से रोकने के लिए कल्पना चावला फायर स्टेशन, सिल्वर पार्क फायर स्टेशन और नवघर फायर स्टेशन के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच गए थे। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इमारत की बिजली आपूर्ति काट दी गई, साथ ही महानगर गैस के कर्मचारियों को बुलाकर गैस पाइपलाइन भी बंद कराई गई।

बड़ा हादसा टला

बचाव दल ने इमारत की सीढ़ियों के जरिए सभी 215 लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। आग डक्ट में लगी थी, पर उससे निकलने वाले धुएं से लोग अधिक प्रभावित हुए। चौथी मंजिल पर रहने वाली महिला आंशिक रूप से झुलसी और उसके ढाई साल के बेटे का हाथ जलने से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति अब सामान्य बताई जा रही है।

अवैध रूप से रहने वाले 8 बांग्लादेशियों को 9 महीनों की जेल

कल्याण कोर्ट ने सुनाया सख्त फैसला

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

कल्याण की एक अदालत ने ठाणे जिले के अलग-अलग हिस्सों से पकड़े गए आठ बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत में रहने का दोषी पाया है। अदालत ने 5 दिसंबर को सुनाए फैसले में सभी को नौ महीने के सश्रम कारावास और एक हजार रुपये जुर्माने की सजा दी।

अवैध प्रवेश पर नौ महीने की सजा

कल्याण की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस. जी. इनामदार ने आरोपियों को आव्रजन एवं विदेशी अधिनियम और विदेशी अधिनियम, 1946 के तहत दोषी ठहराते हुए कहा कि इन सभी ने अपना अपराध स्वीकार किया है, इसलिए वे सजा के पात्र हैं। हालांकि, अदालत ने उनकी स्थिति को देखते हुए सजा देने में "मानवीय दृष्टिकोण" अपनाने की बात कही।

चार महिलाएं और एक मजदूर समेत 8 लोग दोषी

दोषियों में चार महिलाएं मोइना गाजी उर्फ मोइना मस्जिद सरदार, अमीना जहांगीर गाजी, शहनाज मोहम्मद अली सरदार और नरगिस मोहम्मद सरदार शामिल हैं, जिन्हें डोंबिवली से पकड़ा गया था। वहीं माजिदा रसूल शेख को कल्याण से तथा मोहम्मद शांतो यूनुस मुल्ला, उनकी पत्नी सुमी और मजदूर नूर मोनू पठान को भी अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया।

सजा पूरी होते ही होगी निर्वासन की कार्रवाई

अदालत ने आदेश में कहा कि सजा पूरी होने के बाद सभी आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया के तहत देश से निर्वासित किया जाएगा। जेल अधीक्षक और जांच अधिकारी सजा पूरी होने के बाद डिपोर्टेशन की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। इस मामले में फरार आरोपी तौकीर मोहम्मद गुलामुद्दीन आलम के खिलाफ कार्यवाही अब भी जारी है।

महाराष्ट्र निकाय चुनाव

मतदाता सूची जारी होने की तारीखें बदलीं

29 निगमों के लिए नए शेड्यूल का ऐलान

धीरज सिंह । मुंबई

महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग (SEC) ने राज्य की 29 महानगरपालिकाओं में होने वाले आगामी चुनावों को देखते हुए मतदाता सूची तैयार करने का संशोधित कार्यक्रम मंगलवार को जारी किया है। हालांकि, इन निकायों के चुनाव कब होंगे, इसकी तारीखों की घोषणा अभी नहीं की गई है।

तीन मुख्य तिथियों में संशोधन

महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग ने 29 नगर निगमों की मतदाता सूची तैयार करने के लिए एक अधिकारी के माध्यम से संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की है। यह बदलाव मुख्य रूप से उन आपत्तियों पर विचार करने के बाद किया गया, जो पहले प्राप्त हुई थीं। आयोग द्वारा जारी किए गए नए शेड्यूल के तहत, मतदाता सूची प्रकाशन से संबंधित तीन प्रमुख अंतिम तिथियों में संशोधन किया गया है।

1. वार्डवार अंतिम सूची का प्रकाशन

मतदान की प्रक्रिया के लिए वार्डवार अंतिम सूची के प्रमाणीकरण और प्रकाशन की तारीख में बदलाव किया गया है। पहले यह काम 10 दिसंबर को पूरा किया जाना था। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, वार्डवार अंतिम सूची के प्रकाशन का समय अब 10 दिसंबर से बढ़ाकर 15 दिसंबर कर दिया गया है।

तकनीकी समस्याओं पर आयोग के निर्देश

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगम अधिकारियों को मतदाता सूची तैयार करने के संबंध में विशेष निर्देश भी दिए हैं। एसईसी ने निर्देश दिया है कि यदि मतदाता सूची तैयार करने में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्याएं आती हैं, तो नगर निगम अधिकारी ईमेल या फोन के जरिए अपने-अपने कम्प्यूटरीकरण प्रकोष्ठ से संपर्क कर सकते हैं। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम 29 नगर निगमों के चुनावों के लिए है, जिनकी तारीखों की घोषणा अभी बाकी है।

2. मतदान केंद्र की सूची का प्रकाशन

मतदान केंद्रों की सूची को प्रकाशित करने की अंतिम तिथि में भी संशोधन किया गया है। अधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्र की सूची के प्रकाशन की अंतिम तिथि पहले 15 दिसंबर निर्धारित की गई थी। इसे बढ़ाकर अब 20 दिसंबर कर दिया गया है।

3. मतदान केंद्रवार मतदाता सूची का प्रकाशन

मतदान प्रक्रिया के इस अंतिम चरण की तारीख भी बदली गई है। मतदान केन्द्रवार मतदाता सूची के प्रकाशन की अंतिम तिथि 22 दिसंबर से बढ़ाकर 27 दिसंबर की गई है।

आईएएस तुकाराम मुंढे को लेकर विधानसभा में हंगामा

- सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक
- भाजपा विधायकों ने मुंढे पर अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाया

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा में मंगलवार को आईएएस अधिकारी तुकाराम मुंढे के खिलाफ लगे आरोपों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। हंगामे की स्थिति बनने पर उपसभापति अन्ना बनसोडे को कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। भाजपा विधायकों ने मुंढे पर अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाते हुए तुरंत कार्रवाई की मांग की। भाजपा विधायक कृष्णा खोपडे ने आरोप लगाया कि 2020 में मुंढे ने बिना आवश्यक अनुमति 20 करोड़ रुपये के चेक जारी किए और इस मामले में आवाज उठाने पर उन्हें धमकियां भी मिलीं। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस और मुख्यमंत्री कार्यालय से भी की है। खोपडे ने बताया कि अधिकारी के खिलाफ महिला कर्मचारी को प्रताड़ित करने समेत कई शिकायतें दर्ज हैं। भाजपा विधायक प्रवीण दटके ने कहा कि मुंढे ने प्रसूति के बाद महिला कर्मचारी की छुट्टी तक रद्द कर दी थी और अधिकारी के 20 साल में 24 तबादले इस बात का संकेत हैं कि उनके कार्यशैली पर लगातार सवाल उठते रहे हैं।

विपक्ष ने किया बचाव

इस पूरे मामले में कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने मुंढे का बचाव करते हुए कहा कि अधिकारी के खिलाफ पहले भी कई जांचें हुई हैं, लेकिन किसी में भी उन्हें दोषी नहीं पाया गया। उन्होंने तर्क दिया कि कई बार तबादलों और शिकायतों के बावजूद उन पर किसी प्रकार की कार्रवाई न होना दर्शाता है कि आरोप व्यक्तिगत रंजिश की वजह से भी हो सकते हैं।

फडणवीस ने जांच का भरोसा दिया

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि किसी विधायक को धमकाना गंभीर मामला है और सरकार मामले की गहराई से पड़ताल कराएगी। उन्होंने सदन को आश्वासन दिया कि सभी पहलुओं की जांच कर उसके नतीजे विधानसभा के सामने रखे जाएंगे। सत्ता पक्ष के विरोध और उठे सवालों के बीच सरकार ने पूरे प्रकरण पर कड़ी कार्रवाई का संकेत दिया है।

महाराष्ट्र विधान भवन में बिना पास एंट्री पर बवाल



- सभापति राम शिंदे ने बीजेपी विधायकों को लगाई फटकार

मुंबई। महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति राम शिंदे ने मंगलवार को शीतकालीन सत्र के दौरान विधान भवन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी सदस्य बिना प्रवेश पास वाले आगंतुकों को परिसर में न लाए और इस नियम का कड़ाई से पालन करें। सभापति ने विशेष रूप से भाजपा के विधान परिषद सदस्य परिणय फुके और योगेश टिलेकर को सचेत किया। उन्होंने बताया कि मुख्य सुरक्षा अधिकारी की रिपोर्ट में सामने आया है कि सत्र के पहले ही दिन कई सदस्यों ने सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया और बिना पास वाले लोगों को प्रवेश दिलाया। आगंतुकों के दैनिक पास इस बार जारी नहीं किए जा रहे हैं। पिछले वर्ष कुछ विधायकों की शिकायतों के बाद यह प्रतिबंध लगाया गया था ताकि अनावश्यक भीड़ को रोका जा सके। इसके बावजूद सत्र के पहले दिन 15 से अधिक सदस्यों और कुछ मंत्रियों ने नियमों का पालन नहीं किया। सभापति राम शिंदे ने इस बार सभी सदस्यों को सख्त चेतावनी जारी की है।

इंडिगो के खिलाफ मुंबई यूथ कांग्रेस का आंदोलन

- छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर नारेबाजी कर किया विरोध प्रदर्शन

देवेंद्रनाथ जैस्वार । मुंबई

इंडिगो एयरलाइंस की लगातार बढ़ती अव्यवस्था के कारण बीते कई दिनों से हजारों यात्री फँसे हुए हैं। उड़ानों का अचानक रद्द होना, लम्बी देरी, स्पष्ट सूचना न देना और यात्रियों के साथ किया जाने वाला अमानवीय व्यवहार—इन सभी कारणों से आम यात्रियों में भारी नाराज़गी है और वे मानसिक व आर्थिक दोनों तरह से नुकसान झेलने को मजबूर हैं।

कड़ी कार्रवाई, मुआवज़ा और जाँच समिति की माँग

ज़ीनत शबरीन ने मांग की कि इंडिगो पर धोखाधड़ी और लापरवाही को लेकर कठोर आर्थिक दंड लगे, रद्द और विलंबित उड़ानों के यात्रियों को तुरंत मुआवज़ा मिले, वरिष्ठ प्रबंधन पर कार्रवाई हो तथा केंद्र सरकार उच्चस्तरीय जाँच समिति का गठन करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार और इंडिगो ने त्वरित कदम नहीं उठाए तो आंदोलन और अधिक तेज किया जाएगा और यात्रियों के अधिकारों के लिए व्यापक संघर्ष किया जाएगा।

मुंबई एयरपोर्ट पर यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

इसी अव्यवस्था और केंद्र सरकार की चुप्पी के विरोध में मुंबई यूथ कांग्रेस की अध्यक्ष ज़ीनत शबरीन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुंबई एयरपोर्ट के टी-2 टर्मिनल पर जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इंडिगो प्रबंधन को यात्रियों को हुई परेशानी के लिए सीधे जिम्मेदार ठहराया और तत्काल सुधार की मांग उठाई।

प्रबंधन ध्वस्त, सरकार मौन : ज़ीनत शबरीन

कार्यक्रम में भाषण देते हुए शबरीन ने कहा कि इंडिगो का प्रशासन पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है और जब हजारों यात्री संकट में हैं तब केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। यह स्थिति सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि यात्रियों के अधिकारों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी एयरलाइंस का इस तरह का गैर-जिम्मेदार रवैया किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

सीएम फडणवीस ने विधानसभा में विधायकों को दी चेतावनी

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मंगलवार को विधानसभा में स्पष्ट तौर पर नाराज़ दिखे। उन्होंने सवाल-जवाब के दौरान कई विधायकों द्वारा 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन' योजना का असंबद्ध संदर्भ देने पर आपत्ति जताई। फडणवीस ने कहा कि प्रश्नकाल में इस योजना का सामान्य राजनीतिक टिप्पणी के रूप में उपयोग न किया जाए। मुख्यमंत्री ने सदन में चेतावनी देते हुए साफ कहा कि अगर ऐसा जारी रहा तो आपको घर बैठना पड़ेगा। उनकी इस टिप्पणी के बाद कुछ देर तक सदन में सन्नाटा छा गया। कांग्रेस विधायक ज्योति गायकवाड द्वारा एक अलग विषय पर बोलते समय भी इस योजना का उल्लेख करने से मुख्यमंत्री की नाराजगी और बढ़ी। फडणवीस ने कहा कि यह राज्य की एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी पहल है, इसलिए इसे राजनीतिक बहस में अनावश्यक रूप से शामिल न किया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि योजना जारी रहेगी और इसके लिए किसी अन्य कार्यक्रम का बजट नहीं घटाया जाएगा।

मध्य रेल

पेंटिंग एवं सफाई का कार्य

खुली ई-निविदा संख्या :- BB.LD. 583. P. Rev.25/18. Cont दिनांक 01-12-2025. कार्य का नाम: मुंबई डिवीजन के पनवेल क्षेत्र में ओ.एच.ई. /पी.एस.आई संरचनाओं की पेंटिंग एवं सफाई। **अनुमानित लागत:** ₹ 76,91,258/-. **बिड सिक्योरिटी :** ₹ 1,53,800/-. **ऑफर की वैधता:** 60 दिन। **समापन अवधी:** 24 महिने. **निविदा फार्म का मूल्य:** ₹ 0.00 /-. **I) उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय : दिनांक 30-12-2025 को 11.00 बजे तक, और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा। II)** शुध्दिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। **III)** केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्टॉनिकलि ई-टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई-टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन देने की अनुमति नही है । हस्तचलित रूप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा । **IV)** निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। **V)** अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, सीएसएम टी मुंबई - 400001। फोन - 022-22612355. वरिष्ठ मंडल विदयुत निवीदाओं संबधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

APEX-699 वरि. मंडल विद्युत इंजिनीयर (क/वि.)

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

मध्य रेल

मरम्मत/पुनर्निर्माण कार्य

खुली ई - निविदा सूचना क्र. 24/2025 dated 27.11.2025. भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिएप्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई-निविदा वेबसाईट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरण:** मुंबई मंडल के एलएचबी कोचो के खराब हुए विभिन्न मेक के 6.5 के. वी. ए. रेग्युलेटेड बॅटरी चार्जर एव 4.5 के. वी. ए रेग्युलेटेड कम एमर्जेंसी बॅटरी चार्जर (आउट ऑफ वॉरंटी) के मरम्मत कार्य हेतू **(निविदा क्र.BB. LG. W. WB.2025.7)। कार्य की औसत लागत:** ₹ 20,11,449.13. **ईमडी:** ₹ 40,200/-. **कालावधी :** 60 दिन। **समापन अवधी:** 12 माह. **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 24.12.2025 15.00 बजे। **अनुदेश : 1.** उपर्युक्त निविदा कि बंद होनेकि तिथि एवं समयके बाद खोली जाएगी। **2.** भावी निविदाकर्ता से अनुरोध है कि निविदा के सम्पूर्ण विवरण एवं शुद्धीपत्र, यदि कोई हो तो, कि अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **3.** निविदाकर्ता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से केवल ऑनलाइन निविदा प्रणाली से हि भाग ले सकते हैं एवं मेनुअल रूप से निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। **4.** आगे कि अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कोचिंग) मध्य रेल, एनेक्स बिल्डिंग, प्रथम तल, मुंबई छ.शि.म.ट. 400001 से संपर्क कर सकते हैं। **5.** यह निविदा, सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है, जो औद्योगिक संवर्धन और नीति विभाग, वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी कि जाती हैउसे रेल्वे बोर्ड पत्र क्र. 2015 / आरएस (जी)/779/5 दि.03.08.2017 और 27.12.2017 द्वाराप्रसारित किया गया है।

व. मं. वि. इंजीनियर (कोचिंग)
मध्य रेल, मुंबई

APEX-700

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

पश्चिम रेलवे ने वसूला 140 करोड़ रुपये का जुर्माना

- एसी उपनगरीय लोकल से 2.40 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए पूरे नेटवर्क पर व्यापक टिकट जांच अभियान निरंतर चला रही है। राजस्व हानि को रोकने और यात्रा अनुशासन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से इस वित्तीय वर्ष में टिकट जांच स्टाफ ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। प्रबंधन के अनुसार ये अभियान उपनगरीय, मेल-एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों में यात्रियों को नियमों के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

बिना टिकट यात्रियों पर कड़ी कार्रवाई

पश्चिम रेलवे Western Railway

अप्रैल से नवम्बर 2025 के दौरान 21.70 लाख से अधिक बिना टिकट एवं अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया है, जिससे लगभग 140 करोड़ की वसूली हुई—जो पिछले वर्ष की तुलना में 50% अधिक है। केवल नवम्बर 2025 में 2.80 लाख मामलों से 18.25 करोड़ वसूल किए गए। एसी लोकल सेवाओं में भी विशेष जांच चलाकर लगभग 75 हजार मामलों से 2.40 करोड़ वसूले गए, जो 85% की वृद्धि दर्शाता है।

स्टाफ की उत्कृष्ट कार्यशैली को सम्मान

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, टिकट जांच एक सतत जिम्मेदारी है जिसमें दक्षता और विनम्रता दोनों आवश्यक हैं। इसी कड़ी में उप मुख्य टिकट निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह ने जनवरी से नवम्बर 2025 तक 9200 से अधिक मामलों से 1.08 करोड़ की सर्वाधिक वसूली की है। उन्होंने प्रतिदिन औसतन 34 मामले पकड़ने और 18 अक्टूबर को एक ही दिन में 150 मामलों से 2.24 लाख वसूली का नया रिकॉर्ड बनाया है।

बालासाहेब के मतदान का अधिकार छीनने वालों के गोद में बैठा है उबाठा: डॉ. शिंदे

मुंबई। लोकसभा में चुनाव सुधारों पर हुई चर्चा के दौरान शिवसेना (शिंदे गुट) के सांसद व संसदीय दल के नेता डॉ. श्रीकांत शिंदे ने कांग्रेस और उद्धव ठाकरे गुट (उबाठा) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि जिसने हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे का मतदान अधिकार छीना, आज वही उबाठा कांग्रेस की गोद में बैठी है। उनका कहना था कि कांग्रेस और उबाठा दोनों की राजनीति लोकतंत्र-विरोधी रही है। डॉ. शिंदे ने आरोप लगाया कि जिस चुनाव आयुक्त एम.एस. गिल ने बालासाहेब ठाकरे का मतदान अधिकार छीना था, कांग्रेस ने बाद में उन्हें मंत्री बनाकर इनाम दिया। वहीं उबाठा अब बालासाहेब को भूलकर कांग्रेस के साथ बैठा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान उबाठा के नेता घरों में बैठे रहे और कार्यकर्ताओं को अकेला छोड़ दिया।

ऑलराउंडर स्टाफ चाहिए:
होटल मधुरम फूड्स ,& Kitchen कांदिवली वेस्ट मुंबई,
कुक, हेल्पर, डिलीवरी बॉय।
रहना-खाना फ्री।
वेतन योग्यता अनुसार।
add-
Bhumipark Jankalyan Nagar
Malad west
संपर्क:
8433650469 / 7208888007

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

विभाग : मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत)
संख्या क्र.का.अ.यां.(द)/ 5456 / या. व. वी./ दिनांक 09.12.2025

ई- निविदा सुचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका निम्नलिखित सूचीबद्ध कार्यों के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से ऑनलाइन ई-निविदाएँ आमंत्रित करता है। निविदाओं के वितरण और बिक्री की तिथि और समय, निविदाओं की बिक्री की तिथि और समय से संबंधित विवरण बृहन्मुंबई महानगरपालिका की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in और महाटेंडर वेबसाइट http://mahatender.gov.in पर निविदा अवलोकन के अंतर्गत प्रकाशित/अपलोड कर दिए गए हैं।

अ.क्र.	निविदा क्र.	निविदा का विषय
1	2025_एमसीजीएम_1256914_1	राजावाड़ी अस्पताल में प्रशासनिक कार्यालय को आकर्षक फर्नीचर व्यवस्था उपलब्ध कराने के संबंध में।

निविदाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को बृहन्मुंबई महानगरपालिका की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in और महाटेंडर की वेबसाइट http://mahatenders.gov.in पर जाना चाहिए।

हस्ता/-
पीआरओ/ 2564 /विज्ञा./2025-26 कार्यकारी अभियंता यांत्रिक (दक्षिण)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

बाल सुधार गृहों व महिला छात्रावासों से भागने की दर कम करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

दीपक पवार । मुंबई/नागपुर

महिला एवं बाल सुधार गृहों से लड़कियों और महिलाओं के भागने की घटनाओं को रोकने के लिए राज्य सरकार आवश्यक कदमों को प्राथमिकता के साथ लागू कर रही है।

विधान परिषद में जवाब देते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि सुधार गृहों में सुरक्षा को लेकर संवेदनशीलता बढ़ाई जा रही है और भागने की दर कम करने के लिए विशेष प्रयास जारी हैं। सदस्य चित्रा वाघ द्वारा उठाए गए सवाल पर मंत्री तटकरे ने बताया कि राज्य में महिला व बाल सुधार गृहों और छात्रावासों में सुरक्षा प्रबंधन को और मजबूत किया जा रहा है। अभी सुधार गृहों से लड़कों के भागने की दर 0.29 प्रतिशत और महिलाओं की दर करीब 3 प्रतिशत है। इसे शून्य पर लाने के लिए कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा और रिक्त पदों पर एक महीने के भीतर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका भिवंडी, जि. ठाणे
बांधकाम विभाग प्र.स.क्र.०२

ई-निवीदा सूचना क्र. १५० /२०२५-२६

भिवंडी नि. शहर महानगरपालिकेच्या बांधकाम विभागा मार्फत खालील नमूद कामाचे निविदा फॉर्म mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक १०/१२/२०२५ ते दि.१७/१२/२०२५ पर्यंत विक्रिस उपलब्ध आहे.

अ.क्र.	कामाचे नावं	अंदापत्रकिय रक्कम
१	भिवंडी निजामपुर महानगरपालिका हदितील भिवंडी पुर्व मतदार संघातील प्रभाग समिती क्र.२ वॉर्ड क्र.१५ मधिल विविध ठिकाणी गटार पायवाट व पेव्हरब्लॉक बसविणे	२४,९९,५९०/-

वरील ऑनलाईन निविदा दि.१७/१२/२०२५ पर्यंत दुपारी ४.०० पर्यंत स्विकारण्यांत येतील. तसेच सदरची निविदा ही दि१८/१२/२०२५ रोजी संध्या. ४.०१ वाजता अथवा कार्यालयीन कामकाजाच्या सोयीप्रमाणे निविदा समिती समक्ष उघडण्यांत येईल अधिक माहिती महानगरपालिकेच्या उक्त नमुद संकेत स्थळावरुन प्राप्त होऊ शकेल अथवा नविन शायकिय इमारतीमधील ५ मजल्यावरील बांधकाम विभाग कार्यालयाशी संपर्क साधावा.

सही/-
(जमील पटेल)
शहर अभियंता
भि.नि. शहर महानगरपालिका, भिवंडी

जा.क्र./ज.सं.वि./ १५३८
दि. ०९/१२/२०२५

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

ई-निविदा सूचना

विभाग	मुख्य अभियंता (सीवरेज संचालन)
सेक्शन	उप मुख्य अभियंता. (S.O.) सिटी कार्यकारी अभियंता यांत्रिक(एस) बांद्रा क्षेत्र
निविदा संख्या	2025_MCGM_1256865_1
	"बांद्रा प्रभाव पंपिंग स्टेशन पर इनलेट शाफ्ट चैंबर में जमा सीवेज फ्लोटिंग अपशिष्ट सामग्री का डिसिल्टिंग"।
निविदा बिक्री	दिनांक 10.12.2025 से प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 17.12.2025 तक संध्या 16.00 बजे तक
वेबसाइट	https://mahatenders.gov.in
संपर्क व्यक्ति	कार्यकारी अभियंता यांत्रिक(एस) बांद्रा क्षेत्र
A. नाम	श्री. ए. जे. चव्हाण
B.टेलीफोन संख्या (कार्यालय)	022-24464750
C.मोबाइल संख्या	8779270575
D. ईमेल आईडी	ipsbandra@gmail.com

हस्ता/-
पीआरओ/2557/विज्ञा./2025-26 उप मुख्य अभियंता. (S.O.) सिटी(I/C)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

वंदे मातरम का उद्घोष

यह सुखद ही है कि कृतज्ञ राष्ट्र देश के स्वतंत्रता सेनानियों में ओज का संचरण करने वाले गीत वंदे मातरम के सृजन के डेढ़ सौ साल पूरे होने को एक उत्सव की तरह मना रहा है। स्वतंत्रता के लिये संघर्षरत करोड़ों भारतीयों में इस गीत ने आजादी का जज्बा भरा था। लाखों स्वतंत्रता सेनानी इस गीत से प्रेरित होकर स्वतंत्रता संग्राम में सर्वस्व अर्पित करने को तत्पर हो जाते थे। इस पावन वेला में देश के विभिन्न भागों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सही मायनों में यह अवसर राष्ट्र के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने का भी है। इस गीत की सर्वस्वीकार्यता का आलम ये था कि भारत आने से पहले दक्षिण अफ्रीका में महात्मा गांधी ने वंदे मातरम को राष्ट्रीय गान की दृष्टि से देखा था। इसी आलोक में वंदे मातरम के डेढ़ सौ साल पूरे होने पर लोकसभा में इस पर चर्चा का शुरू होना सुखद ही है। संसद में प्रधानमंत्री ने कहा भी कि जब इस गीत के सृजन के पचास साल पूरे हुए तो देश परतंत्र था। जब इसके सौ साल पूरे हुए तो देश आपातकाल के दौर से गुजर रहा था, फलतः उस दौर में इस गीत को जनता व स्वतंत्रता सेनानियों का सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिला। निस्संदेह,बंकिम चंद्र चटर्जी की इस रचना ने बंगाल में क्रांतिकारियों को गहरे तक प्रेरित किया और स्वतंत्रता संग्राम को गति देने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। हालांकि, विपक्ष इसे सुर्खियों में लाने के फैसले के राजनीतिक निहितार्थों की बात कर रहा है। वे इसके समय को लेकर प्रश्न उठा रहे हैं। अविभाजित बंगाल की पृष्ठभूमि में जन्मे इस ओज के गीत को बंगाली समाज ने अपनी अस्मिता से जोड़कर देखा। खासकर बंगाल विभाजन के बाद इसे बंगाल की अस्मिता पर फिरंगियों के प्रहार के दौर में एक मरहम के तौर पर देखा। निस्संदेह, देश ऐसे स्मरण उत्सव का हकदार है, मगर वे चुनावी नजरियों से मुक्त हों। विपक्ष की दलील है कि जब पश्चिम बंगाल एक महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव की ओर बढ़ रहा है तो इस गीत के प्रसंगवश राजनीतिक लाभ-हानि के तर्क गढ़े जा रहे हैं। संसद में प्रधानमंत्री के संबोधन में वंदे मातरम को एकता के सूत्रधार के रूप में सराहा गया। लेकिन इसके राजनीतिक निहितार्थों पर भी चर्चा हुई। दरअसल, उन्होंने जब भी कांग्रेस की आजादी से पहले और बाद की नीतियों को कटघरे में खड़ा किया या फिर ऐतिहासिक विवादों का नये सिरे से जिक्र किया, तो विपक्ष ने उसे निशाने पर लिया। विपक्षी दलील है कि राष्ट्रीय गीत का सम्मान करने की कवायद में वैचारिक विभाजन को हवा दी जा रही है। कहा गया कि पश्चिम बंगाल, जहां इस गीत का जन्म हुआ, वहां की सांस्कृतिक पहचान राजनीति से जुड़ी रही है। वंदे मातरम एक भावनात्मक प्रतीक है और इसीलिए एक रणनीतिक प्रतीक भी। दरअसल, विपक्ष की नाराजगी राजग सरकार की उस प्रवृत्ति को लेकर है जिसमें वह सांस्कृतिक प्रतीकों को राजनीतिक अखाड़े में बदल रही है। उन्हें आशंका है कि साझी विरासत पर चिंतन के लिये आयोजित विमर्श का उपयोग चुनावी लाभ अर्जित करने के लिये किए जाने का खतरा है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस अपनी जड़ें जमाए हुए है, फिर भी उसे सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है। संसद में राष्ट्रीय गीत पर चर्चा का ममता बनर्जी द्वारा समर्थन किया जाना दर्शाता है कि वह इस मुद्दे को छोड़ने का इरादा नहीं रखती हैं। विडंबना ही है कि लाखों स्वतंत्रता सेनानियों में ओज भरने वाले गीत के विमर्श में चिंतन की गंभीरता प्रभावित हुई है। निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल आज बेरोजगारी, पलायन और राजनीतिक हिंसा से जूझ रहा है। इसमें दो राय नहीं कि हमारा सांस्कृतिक गौरव आवश्यक है, लेकिन यह सुशासन का विकल्प नहीं हो सकता। इस ओज के गीत के 150 साल पूरे होने पर, इसे एकता को मजबूत करने और राष्ट्रवाद को बहुलता से स्वीकार करने के अवसर के रूप में होना चाहिए था। लेकिन इसके बजाय, इस बहस के ध्रुवीकृत माहौल में बदलने के विवाद के पैदा होने की चिंता है। सही मायनों में देश के नेतृत्व का इतिहास का उपयोग राष्ट्र को एकजुट करने वाला होना चाहिए।

कांग्रेस में असंतोष और सियासी बदलाव

कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार,
साहित्यकार-स्तम्भकार

आ कांग्रेस पार्टी के भीतर उठ रहे सवाल और उसके दिग्गज नेताओं की नाराज़गी ने एक बार फिर संगठनात्मक संकट को उजागर कर दिया है। हाल ही में नवजोत कौर सिद्धू को पार्टी से निलंबित किए जाने के फैसले ने न केवल पंजाब की राजनीति को प्रभावित किया, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी कांग्रेस की दिशा और अनुशासन पर गंभीर चर्चाओं को जन्म दिया। नवजोत कौर सिद्धू लंबे समय से पार्टी की नीतियों और नेतृत्व शैली को लेकर तीखे बयान देती रही हैं। उनके आरोपों को कांग्रेस नेतृत्व बार-बार नज़रअंदाज़ करता रहा, लेकिन अंततः जब उनके बयान पार्टी के खिलाफ खुले विद्रोह की तरह सामने आए तो आलाकमान ने कार्रवाई को ही विकल्प माना। यह निर्णय अचानक नहीं था, बल्कि पिछले कई महीनों से सिद्धू और पार्टी नेतृत्व के बीच खिंचाव लगातार बढ़ रहा था। नवजोत सिंह सिद्धू स्वयं कई बार पार्टी लाइन से हटकर बयान देते रहे हैं और विभिन्न अवसरों पर कांग्रेस और बीजेपी के बीच उनकी राजनीतिक आवाजाही ने उन्हें अविश्वसनीय खेमे में खड़ा कर दिया। कांग्रेस में रहते हुए उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा और भाजपा में रहते हुए कांग्रेस को कटघरे में रखा। इन बयानों ने उनके राजनीतिक चरित्र को अस्थिर और दुविधापूर्ण बना दिया, जिसने नवजोत कौर सिद्धू के निलंबन को आसान कर दिया। पंजाब में सिद्धू परिवार की राजनीतिक पकड़ हमेशा चर्चा में रही है, लेकिन जब पार्टी की नीतियों के खिलाफ बयान सार्वजनिक तौर पर बढ़ने लगे तो विवाद होना स्वाभाविक था। नवजोत कौर सिद्धू के हालिया आरोपों ने कांग्रेस आलाकमान को सीधी चुनौती दी, जिसके बाद पार्टी में अनुशासन बनाए रखने की आवश्यकता और अधिक महसूस की गई। सत्ता से बाहर रहने की स्थिति ने कांग्रेस के भीतर असंतोष को बढ़ाया है और नेतृत्व पर सवाल तेज हुए हैं। सत्ता से दूरी किसी भी राजनीतिक दल को बेचैन करती है और कांग्रेस इससे अछूती नहीं। निलंबन की कार्रवाई केवल एक नेता तक सीमित नहीं लगती, बल्कि यह संदेश देती है कि पार्टी अब किसी भी प्रकार के असंतोष को खुला छोड़ने के मूड में नहीं है। पिछले वर्षों में पार्टी के कई नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए और बड़े पद भी पाए। यह स्थिति कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है। वरिष्ठ नेताओं को हाशिये पर धकेलने की आलोचना लगातार उठती रही है और पार्टी में तालमेल की कमी अधिक स्पष्ट होती जा रही है। कांग्रेस के भीतर हालात सुधारने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। नेतृत्व परिवर्तन की मांग हो या केंद्रीय और राज्य स्तरीय नेताओं के बीच संवाद की कमी—इन सबने मिलकर जनाधार को कमजोर किया है। विवादित बयानों और आंतरिक असहमति ने कांग्रेस की छवि को नुकसान पहुंचाया है। विपक्ष में रहते हुए जनता के बीच प्रभावी संदेश देना आवश्यक होता है, लेकिन कांग्रेस के भीतर की लगातार हलचल नेतृत्व को कमजोर दिखाती है। कर्नाटक में भी कांग्रेस के भीतर विरोधाभास सामने आ रहे हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को सुप्रीम कोर्ट की ओर से नोटिस जारी किया गया है, जिसमें आरोप है कि उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान लोकलुभावन वादों का उपयोग करते हुए भ्रष्ट आचरण किया। यह मामला सियासी तौर पर अत्यंत संवेदनशील है, क्योंकि कांग्रेस ने कर्नाटक में इन्हीं वादों के आधार पर चुनाव जीता था और अब इन्हीं पर सवाल उठ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट का नोटिस न केवल राज्य सरकार, बल्कि केंद्रीय नेतृत्व के लिए भी असहज स्थिति बना रहा है। कर्नाटक कांग्रेस में सत्ता और संगठन के बीच खींचतान पहले से ही चर्चा में है। सिद्धारमैया और डी.के. शिवकुमार के बीच नेतृत्व संतुलन लगातार चुनौती बना हुआ है। ऐसे में मुख्यमंत्री पर लगे आरोप विपक्ष को कांग्रेस को कमजोर करने का अवसर देते हैं। पार्टी पहले ही कई राज्यों में सत्ता से बाहर है और जहां सत्ता में है, वहां भी विवादों ने जनाधार को मजबूत नहीं होने दिया। कांग्रेस को जिस संयम और स्पष्ट रणनीति की आवश्यकता है, वह फिलहाल दिखाई नहीं देती। नवजोत कौर सिद्धू जैसे मामलों में तत्काल कार्रवाई कर पार्टी अनुशासन का संदेश जरूर दे रही है, लेकिन इससे केवल लक्षणों का उपचार होता है, बीमारी की जड़ें यथावत बनी हुई हैं। संगठनात्मक तालमेल की कमी, वरिष्ठ नेताओं के बीच भिन्न मत और राज्यों में गुटबाजी के स्वर कांग्रेस को धीरे-धीरे और कमजोर कर रहे हैं। सत्ता में वापसी के लिए कांग्रेस को केवल सरकार की आलोचना करना या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बयान देना पर्याप्त नहीं होगा। उसे अपने भीतर के मतभेदों को सुलझाना होगा। पार्टी को उस साख को पुनर्जीवित करना होगा, जो कभी कांग्रेस की पहचान हुआ करती थी। नेतृत्व को समझना होगा कि जनता उसी दल का साथ देती है जिसके भीतर स्थिरता और दूरदर्शिता दोनों मौजूद हों। बार-बार होने वाले निलंबन, इस्तीफे और आंतरिक असंतोष कांग्रेस को न तो एक संगठित विपक्ष बनने देते हैं और न ही सत्ता की ओर लौटने की राह आसान करते हैं। नवजोत कौर सिद्धू का मामला महज एक उदाहरण है, जो बताता है कि अनुशासनहीनता और संगठनात्मक कमजोरी किस तरह एक बड़े राजनीतिक दल को संकट की ओर ले जाती है। कांग्रेस को अब उन मूल्यों की ओर लौटने की आवश्यकता है जिनसे वह देश की प्रमुख राजनीतिक शक्ति बनी थी। उसे अपने नेताओं को जोड़कर रखने की कला फिर से सीखनी होगी और जनता का खोया भरोसा वापस पाना होगा। जब तक पार्टी भीतर से मजबूत नहीं होगी, वह बाहर से भी मजबूत दिखाई नहीं दे सकती।

जीवन मंत्र

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर पर समय की रेखाएँ उभरने लगती हैं; चेहरे की चमक कम होती है, ऊर्जा घटती है, मन कुछ बातों के प्रति सुस्त और असंवेदनशील होने लगता है। यह सब संकेत हैं कि जीवन अपनी लंबी यात्रा पूरी कर रहा है और धीरे–धीरे उस अवस्था की ओर बढ़ रहा है।

मृत्यु और जीवन का गहरा संबंध

मृत्यु जीवन की उतनी ही अनिवार्य घटना है जितना कि जन्म। हम जीवन को तो समझना चाहते हैं, पर मृत्यु को समझने से अक्सर बचते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि जीवन का पूर्ण अर्थ तभी खुलता है जब हम मृत्यु के सत्य को भी स्वीकार करते हैं। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर पर समय की रेखाएँ उभरने लगती हैं; चेहरे की चमक कम होती है, ऊर्जा घटती है, मन कुछ बातों के प्रति सुस्त और असंवेदनशील होने लगता है। यह सब संकेत हैं कि जीवन अपनी लंबी यात्रा पूरी कर रहा है और धीरे–धीरे उस अवस्था की ओर बढ़ रहा है जहाँ शरीर इस धरती में विलीन हो जाता है। हम सब जानते हैं कि बुढ़ापा और मृत्यु हमारे अस्तित्व का अविभाज्य हिस्सा हैं, फिर भी अधिकांश लोग इनसे गहरे भयभीत रहते हैं। हम शरीर के समाप्त होने से उतना नहीं डरते, जितना उस 'मैं' के मिट जाने से भयभीत होते हैं, जिसे हम अपनी पहचान समझकर जीवनभर सँजोते रहते हैं। यही 'मैं'—मेरी उपलब्धियाँ, मेरा परिवार, मेरा नाम, मेरा घर, मेरे सपने और मेरी स्मृतियाँ—मनोवैज्ञानिक रूप से हमारे अस्तित्व का केंद्र बन जाती हैं। हमें लगता है कि मृत्यु इन सबका अंत कर देगी, इसलिए हम घबरा जाते हैं। प्रश्न उठता है कि क्या वास्तव में 'मैं' समाप्त हो जाता है या उसमें किसी रूप में निरंतरता बनी रहती है। पूर्वी विचारधाराएँ कहती हैं कि जीवन में निरंतरता है, इसलिए पुनर्जन्म है, और यही विश्वास लोगों को सांत्वना देता है कि यदि वे इस जन्म में सही ढंग से जिए हैं तो अगला जन्म बेहतर होगा। यही कारण है कि एशिया का बड़ा हिस्सा पुनर्जन्म

में विश्वास करता है, शायद इसलिए कि यह विचार जीवन जीना आसान बना देता है। परंतु वास्तविक महत्व इस बात का है कि हम अगले जन्म में क्या पाएँगे, यह नहीं, बल्कि इस जन्म को कैसे जीते हैं। हमारी मान्यताएँ, धारणाएँ, अंधविश्वास या उपलब्धियाँ उतनी महत्वपूर्ण नहीं जितने हमारे वास्तविक कर्म। हर व्यक्ति अपने व्यवहार से, अपने दैनिक जीवन में किए गए छोटे–बड़े निर्णयों से अपना भविष्य बनाता है। जीवन का नियम है कि नया तभी जन्म ले सकता है जब पुराना समाप्त हो जाए। जैसे बीज मिटता है तभी पौधा उगता है, पुरानी सांस छूटती है तभी नई आती है, उसी तरह भय का अंत होता है।

शख्सियत | जदुनाथ सरकार

भारतीय इतिहास के महान शोधकर्ता



जदुनाथ सरकार का जन्म 10 दिसंबर 1887 को हुआ था और उनका निधन 19 मई 1958 को हुआ। वे भारतीय इतिहासकार, विद्वान और मुग़ल साम्राज्य के इतिहास के गहरे जानकार थे। उनका कार्य भारतीय इतिहास लेखन में एक नई दिशा प्रदान करने वाला था।

विशेष रूप से, उन्होंने मुग़ल साम्राज्य के इतिहास पर जो काम किया, वह आज भी ऐतिहासिक शोध में महत्वपूर्ण माना जाता है। सरकार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेंट ज़ेवियर कॉलेज, कोलकाता से प्राप्त की और फिर कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री ली। उनका इतिहास के प्रति गहरा लगाव था और उन्होंने भारतीय इतिहास को एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने की कोशिश की। उन्होंने अपनी कृतियों में ऐतिहासिक तथ्यों को प्रमाणिक रूप से प्रस्तुत किया और ऐतिहासिक घटनाओं का गहन विश्लेषण किया। उनकी प्रमुख कृतियाँ The Fall of the Mughal Empire और History of Aurangzeb हैं। इन किताबों में उन्होंने मुग़ल सम्राटों की नीतियों और साम्राज्य के पतन की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की। जदुनाथ सरकार का इतिहास लेखन सिर्फ घटनाओं का विवरण नहीं था, बल्कि वे उन घटनाओं के पीछे की सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियों का भी गहन विश्लेषण करते थे। उनके लेखन की विशेषता यह थी कि उन्होंने भारतीय इतिहास को एक नयी दृष्टि से देखा। उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों की बारीकी और वस्तुपरकता ने उन्हें एक प्रतिष्ठित स्थान दिलवाया। उनका इतिहास लेखन न केवल मुग़ल साम्राज्य तक सीमित था, बल्कि उन्होंने भारतीय समाज और संस्कृति की जटिलताओं को भी उजागर किया। उनके विचारों ने भारतीय इतिहासकारों के लिए एक आदर्श स्थापित किया। वे भारतीय इतिहास में शोध की गहराई और प्रमाणिकता को लेकर समर्पित थे और उनकी कृतियाँ आज भी भारतीय इतिहास के अध्ययन में एक महत्वपूर्ण संदर्भ के रूप में मानी जाती हैं। जदुनाथ सरकार का योगदान भारतीय इतिहास लेखन में अमूल्य है। उनके द्वारा किए गए शोध और उनके दृष्टिकोण ने भारतीय इतिहास की समझ को व्यापक बनाया और इतिहासकारों के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया। उनका कार्य भारतीय इतिहास में एक मील का पत्थर है और उनके विचार आज भी भारतीय इतिहासकारों को प्रेरित करते हैं।

जीवन ऊर्जा

जियोवानी बैटीस्ता ग्वारीनी का जन्म 10 दिसम्बर 1538 को इटली में हुआ और उनका निधन 8 मार्च 1612 को हुआ। वे एक प्रसिद्ध कवि, नाटककार, और दरबारी थे, जिन्होंने अपनी काव्य रचनाओं और नाटकों के माध्यम से प्रेम, कला और मानव भावना के गहरे पहलुओं को उजागर किया।

जियोवानी बैटीस्ता ग्वारीनी : जन्म 10 दिसम्बर 1538 | जन्म

धैर्य रखना, सहना और क्षमा करना प्रेम का स्वभाव है

प्रेम हमारे अस्तित्व का सार है, और इसकी खोज ही जीवन का अंतिम लक्ष्य है। प्रेम के बिना आत्मा, जीवन के बिना शरीर की तरह है। प्रेमी तर्क का गुलाम नहीं होता, बल्कि हृदय का अनुसरण करता है। आनंद के बिना कोई नहीं रह सकता, क्योंकि आनंद आत्मा का सच्चा प्रकाश है। सुंदरता में, हम ब्रह्मांड की सद्भावना पाते हैं। दिल अक्सर वह जानता है जो दिमाग नहीं समझ सकता। सबसे बड़ा सुख वह है जो अनकहा हो। धैर्य रखना, सहना और क्षमा करना प्रेम का स्वभाव है। सच्चा प्रेम प्रशंसा से पैदा होता है और सम्मान से पोषित होता है। सबसे मधुर जीत वह होती है जो सम्मान के साथ जीती जाती है। हम समय के क्षणभंगुर क्षणों में छाया मात्र हैं। शब्द आत्मा का संगीत हैं; वे या तो शांत कर सकते हैं या पीड़ा दे सकते हैं। कला केवल जीवन की नकल नहीं है, बल्कि आत्मा का प्रतिबिंब है। संघर्ष के बिना, कोई सच्चा समाधान नहीं है। सुंदरता केवल दिखाई नहीं देती, बल्कि हृदय की गहराई में महसूस की जाती है। प्यार, एक बार जल जाने के बाद, कभी नहीं मिटता। एक कवि का काम

जीवन की क्षणभंगुर सुंदरता को कैद करना है। जो आंखें नहीं देखतीं, दिल अक्सर उसे जान लेता है। बुद्धि वह प्रकाश है जो अंधेरे में दिल का मार्गदर्शन करता है। प्यार के बिना जीवन फूलों के बिना बगीचे की तरह है। जीवन में हर जीत दिल की जीत है। आशा मुश्किल समय में आत्मा का सहारा है। कला हमें सामान्य से परे जाकर दिव्य को छूने की अनुमति देती है। सबसे सुंदर गीत वे हैं जो दिल से गाए जाते हैं। हार में भी, लड़ाई में सुंदरता होती है।

अपने विचार

केवल एक ठाकरे ब्रांड था। वह हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे हैं। अब कोई भी ब्रांड का दावा नहीं कर सकता। किसी और के पास ठाकरे ब्रांड नहीं है। मुंबई के लोगों ने हमारे द्वारा किए गए काम को देखा है। सभी चुनावों में मुंबई हमारे पीछे रही है। भाजपा नंबर एक पार्टी है।

-देवेंद्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

वंदे मातरम् गीत मां के सामने झुकने और उसकी पूजा करने की बात करता है, जबकि इस्लाम अल्लाह के अलावा किसी के सामने झुकने और पूजा करने की अनुमति नहीं देता। इसलिए हम इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं कर सकते।

- मौलाना अरशद मदनी
अध्यक्ष, उलमा-ए-हिंद

आप (BJP) चुनाव के लिए हैं, हम देश के लिए हैं। हम चाहे कितने भी चुनाव हार जाएं, हम यहां बैठकर आपसे और आपकी विचारधारा से लड़ते रहेंगे। हम अपने देश के लिए लड़ते रहेंगे। आप हमें रोक नहीं सकते।



-प्रियंका गांधी वाड्रा
कांग्रेस सांसद

DGCA की तरफ से इंडिगो नेतृत्व को कारण बताओ नोटिस भेजे गए हैं और जांच शुरू की गई है।"रिपोर्ट के आधार पर उचित और कठोर कार्रवाई की जाएगी। कोई भी एयरलाइन्स हो, फिर भले ही वह कितनी भी बड़ी क्यों न हो।

-राम मोहन नायडू
केंद्रीय उड्डयन मंत्री

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश

त्याग और प्रेम का अद्वितीय उदाहरण : सुदामा

कैसे बिहाल बेबाइन के पग कंटक जाल लगे, पुनि जोए हाय महादुख पायो।
सखा! तुम आए इतै, न किते दिन खोए। देखि सुदामा की दीन दशा, करुणा करके करुणा निधि रोए।

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

पानी परात को हाथ छुयो नहीं, नैनन के जल से पग धोए। शीश पगा न झगातन पे, प्रभु जाने को आई बसै केहि ग्रामा। धोती फटी, सीलटी दुपटी, अरु पाय उपानह की नहीं सामा। द्वार खड़ो द्विज दुर्बल एक, रह्यो चकित सो वसुधा अभीरामा। पूछत दीन दयाल को धाम, बतावत आपनो नाम सुदामा। सुदामा होना सरल नहीं है। जैसे ही द्वारकाधीश ने तीसरी मुट्ठी चावल उठा कर फाँक लगानी चाही, रुक्मिणी ने जल्दी "क्या भाभी के लाए इन स्वादिष्ट चावलों के स्वाद का सारा सुख अकेले ही उठाएँगे, स्वामी? हमें भी तो यह सुख उठाने का अवसर दीजिए।" द्वारकाधीश के अधरों पर एक अर्थपूर्ण स्मित उपस्थित हो गयी। उन्होंने चावल वापस उसी पोटली में डाले और उसे उठाकर अपनी पटरानी को दे दिया। सुदामा के साथ बातें करते हुए कब कृष्ण उनके पाँव दबाने लगे, यह सुदामा को पता ही नहीं चला। सुदामा सो चुके थे, किंतु कृष्ण अपनी ही सोच में मग्न उनके पाँव दबाते हुए बचपन की बातें करते चले जा रहे थे। तभी रुक्मिणी ने उनके कंधे पर हाथ रखा। कृष्ण ने चौंककर पहले उन्हें देखा और फिर सुदामा को। फिर उनका आशय समझकर वहाँ से उठकर अपने कक्ष में चले आए। कृष्ण की ऐसी मग्न अवस्था देखकर रुक्मिणी ने पूछा –

"स्वामी! आज आपका व्यवहार बहुत ही विचित्र प्रतीत हो रहा है। आप, जो इस संसार के बड़े से बड़े सम्राट के द्वारका आने पर उनसे तनिक भी प्रभावित नहीं होते, वे अपने मित्र के आगमन की सूचना पर इतने भावविह्वल हो गए कि भोजन छोड़कर नंगे पाँव उन्हें लेने के लिए भागते चले गए। आप, जिनको कोई भी दुख, कष्ट या चुनौती कभी रुला नहीं पाई, यहाँ तक कि जो गोकुल छोड़ते समय मैया यशोदा के अश्रु देखकर

भी नहीं रोए, वे अपने मित्र के जीर्ण-शीर्ण, घावों से भरे पाँवों को देखकर इतने भावुक हो गए कि अपने अश्रुओं से ही उनके पाँवों को धो दिया। कूटनीति, राजनीति और ज्ञान के शिखर पुरुष आप, अपने मित्र को देखकर इतने मग्न हो गए कि बिना कुछ भी विचार किए उन्हें समस्त त्रिलोक की संपदा एवं समृद्धि देने जा रहे थे!"

कृष्ण ने अपनी उसी आमोदित अवस्था में कहा –

"वह मेरे बालपन का मित्र है, रुक्मिणी।"

रुक्मिणी ने पूछा –

"परंतु उन्होंने तो बचपन में आपसे छुपाकर वो चने भी खाए थे, जो गुरुमाता ने उन्हें आपसे बाँटकर खाने को कहे थे। अब ऐसे मित्र के लिए इतनी भावुकता क्यों?"

सत्यभामा ने भी अपनी जिज्ञासा रखी।

कृष्ण मुस्कुराए और बोले –

"सुदामा ने तो वह कार्य किया है, सत्यभामा, कि समस्त सृष्टि को उसका आभार मानना चाहिए। वो चने उसने इसलिए नहीं खाए थे कि उसे भूख लगी थी, बल्कि उसने इसलिए खाए थे क्योंकि वो नहीं चाहता था कि उसका मित्र कृष्ण दरिद्रता देखे।

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001

indiagroundreport@gmail.com

भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिदार).

ब्रीफ न्यूज़

आशीष वर्मा ने पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक का कार्यभार किया ग्रहण

मुंबई। पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक का दायित्व 8 दिसंबर 2025 से आशीष वर्मा ने संभाल लिया है। वे भारतीय रेल भंडार सेवा (IRSS) के 1991 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं। इससे पहले वे रेल व्हील फैक्ट्री, बेंगलुरु में मुख्य सतर्कता अधिकारी के तौर पर कार्यरत थे। मार्च 2019 से जुलाई 2022 तक वे पश्चिम रेलवे में मुख्य सामग्री प्रबंधक की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। रेलवे में सार्वजनिक खरीद, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और सतर्कता से जुड़े कार्यों का उन्हें 33 वर्ष का अनुभव प्राप्त है, जिसमें विभिन्न जोन और प्रतिष्ठित पदों पर सेवाएँ शामिल हैं। आशीष वर्मा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और कम्युनिकेशन सिस्टम्स में स्नातकोत्तर योग्यता रखते हैं। इसके साथ ही उन्होंने नॅशनल अकैडमी ऑफ इंडियन रेलवे, आईएनएसईएडी सिंगापुर, आईसीएलआईएफ़ मलेशिया, आईएसबी हैदराबाद, आईआईएम लखनऊ सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों से व्यावसायिक एवं प्रबंधन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। सामग्री प्रबंधन और खरीद प्रक्रियाओं में उनकी दक्षता और प्रशासनिक क्षमता को भारतीय रेल प्रणाली में व्यापक रूप से सराहा जाता है।

100 बिस्तरों वाला ग्रामीण बहु-विशेषता अस्पताल की घोषणा

पालघर। पूज्य राधानाथ स्वामी ने गोवर्धन इको विलेज के निदेशक गौरांग दास के साथ मिलकर ग्रामीण बहु-विशेषज्ञता अस्पताल के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास किया। बोस्टन स्थित परोपकारी दंपति महेश नवानी और आशा नवानी के नेतृत्व में जानकी फाउंडेशन ने चैतन्य हेल्थ एंड केयर ट्रस्ट के सहयोग से पालघर के वाडा क्षेत्र में 100 बिस्तरों वाले ग्रामीण बहु-विशेषज्ञता अस्पताल की स्थापना की योजना की घोषणा की।

डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को मध्य रेल ने दी श्रद्धांजलि

मुंबई। मध्य रेल पर 08 दिसंबर 2025 को भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन किया गया। अपर महाप्रबंधक प्रतीक गोस्वामी ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस हेरिटेज बिल्डिंग के फ़ोयर में डॉ. आंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और मोमबत्तियाँ जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मध्य रेल के प्रमुख विभागाध्यक्षों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी सामाजिक न्याय के अग्रदूत और भारतीय संविधान के निर्माता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

पूर्वोत्तर रेलवे पर ब्लॉक के कारण बांद्रा टर्मिनस - गोरखपुर ट्रेन प्रभावित

मुंबई। पूर्वोत्तर रेलवे में मऊ – पिपरी डीह – दुल्लहपुर स्टेशनों और मऊ - खुरहट स्टेशनों पर पैच डबलिंग के काम को शुरू करने के लिए चल रहे काम को देखते हुए, 06 से 18 दिसंबर, 2025 तक ब्लॉक लिया जाएगा। इसके कारण, ट्रेन संख्या 19091/19092 बांद्रा टर्मिनस – गोरखपुर एक्सप्रेस प्रभावित होगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 15 दिसंबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 19091 बांद्रा टर्मिनस - गोरखपुर एक्सप्रेस, वाराणसी स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इसलिए, यह ट्रेन वाराणसी और गोरखपुर स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

रेलवे ने दी गुड न्यूज

क्रिसमस और नव वर्ष के लिए 76 शीतकालीन विशेष ट्रेनें

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

क्रिसमस और नव वर्ष के मौसम में यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए, मध्य रेल ने मुंबई, पुणे, नागपुर, करमाली, मंगलुरु और तिरुवनंतपुरम के बीच कुल 76 शीतकालीन विशेष ट्रेन सेवाएं शुरू की हैं। यह कदम यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

सीएसएमटी-करमाली-सीएसएमटी दैनिक विशेष ट्रेनें

सीएसएमटी–करमाली सीएसएमटी मार्ग पर कुल 36 दैनिक विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। 19 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक ट्रेन संख्या 01151 सीएसएमटी से प्रस्थान करेगी और 13.30 बजे करमाली पहुँचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 01152 करमाली से 14.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 03.45 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। इनका ठहराव दादर, ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, कंकावली, कुडाल और थिविम पर होगा।

पुणे-नागपुर-पुणे साप्ताहिक विशेष

पुणे और नागपुर के बीच 6 साप्ताहिक ट्रेन सेवाएं चलाई जाएंगी। ट्रेन संख्या 01401 शुक्रवार को पुणे से प्रस्थान कर अगले दिन 14.05 बजे नागपुर पहुँचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 01402 नागपुर से 16.10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11.45 बजे पुणे लौटेगी। ठहराव में दौंड, अहिल्यानगर, बेलापुर, मनमाड, जलगाँव, भुसावल और वर्धा स्टेशन शामिल हैं।

एलटीटी-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ साप्ताहिक विशेष

लोकमान्य तिलक टर्मिनस और तिरुवनंतपुरम नॉर्थ के बीच 8 साप्ताहिक विशेष ट्रेन सेवाएं चलेंगी। ट्रेन संख्या 01171 गुरुवार को 16.00 बजे एलटीटी से रवाना होगी और अगले दिन 23.30 बजे तिरुवनंतपुरम पहुँचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 01172 शनिवार को तिरुवनंतपुरम नॉर्थ से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 01.00 बजे एलटीटी पहुँचेगी। ठहराव में करमाली, मडगांव, कारवार, उडुपी, मंगलुरु और अन्य स्टेशन शामिल हैं।

एलटीटी-मंगलुरु जंक्शन साप्ताहिक विशेष

लोकमान्य तिलक टर्मिनस और मंगलुरु जंक्शन के बीच 8 साप्ताहिक ट्रेन सेवाएं रहेंगी। ट्रेन संख्या 01185 मंगलवार को एलटीटी से रवाना होगी और अगले दिन 10.05 बजे मंगलुरु जंक्शन पहुँचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 01186 बुधवार को मंगलुरु जंक्शन से प्रस्थान कर अगले दिन 06.50 बजे एलटीटी लौटेगी। प्रमुख ठहराव में ठाणे, पनवेल, रोहा, कुडाल, करमाली, उडुपी और सुरथकल शामिल हैं।

सीएसएमटी-नागपुर साप्ताहिक विशेष

मुंबई और नागपुर के बीच 6 साप्ताहिक विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। ट्रेन संख्या 01005 शनिवार को 00.30 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान कर 15.30 बजे नागपुर पहुँचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 01006 नागपुर से 18.10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 08.25 बजे सीएसएमटी पहुँचेगी। ठहराव में दादर, ठाणे, कल्याण, नाशिक रोड, भुसावल और वर्धा शामिल हैं।

पुणे-सांगानेर-पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष

पुणे और सांगानेर के बीच 6 सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष ट्रेनें चलेंगी। ट्रेन संख्या 01405 शुक्रवार को पुणे से 09.45 बजे रवाना होगी और अगले दिन 06.45 बजे सांगानेर पहुँचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 01406 सांगानेर से 11.35 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 09.30 बजे पुणे लौटेगी। ठहराव में लोनावला, कल्याण, वसई रोड, सूरत, वडोदरा, कोटा और सवाई माधोपुर शामिल हैं।

पुणे-अमरावती-पुणे साप्ताहिक विशेष

पुणे और अमरावती के बीच 6 साप्ताहिक विशेष ट्रेनें चलेंगी। ट्रेन संख्या 01403 शनिवार को पुणे से 19.55 बजे रवाना होगी और अगले दिन 09.25 बजे अमरावती पहुँचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 01404 रविवार को अमरावती से प्रस्थान कर अगले दिन 00.15 बजे पुणे लौटेगी।

बीएमसी की झुग्गी-झोपड़ी योजना की ऑडिट होगी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नागपुर

महाराष्ट्र सरकार ने कहा है कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की 'झुग्गी-झोपड़ी गोद लेने' की योजना में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए अब ऑडिट कराया जाएगा। विधानसभा में यह जानकारी शहरी विकास राज्य मंत्री माधुरी मिसाल ने दी।

भाजपा विधायक ने उठाए गंभीर सवाल

भाजपा विधायक और पार्टी की मुंबई इकाई के अध्यक्ष अमीत साटम ने दावा किया कि योजना के तहत नियुक्त कई गैर–सरकारी संगठन निर्धारित मानकों का पालन नहीं करते। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्धारित संख्या से कम कर्मचारी रखे जाते हैं और झुग्गी–झोपड़ी इलाकों में नियमित अपशिष्ट संग्रहण भी नहीं हो रहा है।

धन के दुरुपयोग और अव्यवस्था के आरोप

साटम के अनुसार, कचरा नियमित रूप से न उठने से सार्वजनिक स्थानों पर भारी मात्रा में अपशिष्ट जमा पड़ा दिखाई देता है। उन्होंने इस व्यवस्था को 'घोटाला' करार देते हुए कहा कि बीएमसी के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के अधिकारी भी इस कथित कुप्रबंधन में शामिल हो सकते हैं।

कर्मचारियों की संख्या में भारी अनियमितता

विधायक ने आरोप लगाया कि योजना के अनुसार प्रति यूनिट 150 परिवार या 750 आबादी के हिसाब से काम होना चाहिए, जबकि अधिकांश स्थानों पर इसका पालन नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि आवश्यक 15 कर्मचारियों के स्थान पर एनजीओ केवल 5 से 10 कर्मचारी ही तैनात करते हैं और फिर भी अधिक कर्मचारियों के नाम पर धन की मांग की जाती है।

17 जनवरी को 2 ज्योतिर्लिंग के साथ दक्षिण दर्शन यात्रा कराएगी आईआरसीटीसी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए लगातार भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन कर रहा है। इसी तहत 17 जनवरी 2026 को रीवा से "02 ज्योतिर्लिंग के साथ दक्षिण दर्शन यात्रा" शुरू की जाएगी। यह ट्रेन रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, बैतूल, नागपुर और सेवाग्राम से होकर गुजरेगी, जहाँ से यात्री यात्रा में शामिल हो सकेंगे।

यात्रा सुविधाएँ और पैकेज

आईआरसीटीसी के ग्रुप जनरल मैनेजर (पश्चिमी क्षेत्र) श्री गौरव झा के अनुसार यह सर्व–समावेशी पैकेज यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करेगा। पैकेज में विशेष एलएचबी रेक में रेल यात्रा, शुद्ध शाकाहारी भोजन, दर्शनीय स्थलों के लिए बस सुविधा, होटल/धर्मशाला में ठहराव, टूर एस्कॉर्ट्स, बीमा और ऑन–बोर्ड सुरक्षा व हाउसकीपिंग जैसी सुविधाएँ शामिल हैं।

यात्रा का मुख्य कार्यक्रम

10 रात और 11 दिन की इस पवित्र यात्रा के दौरान यात्रियों को तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी और श्रीशैलम (मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग) के प्रमुख तीर्थस्थलों के दर्शन कराए जाएँगे। पैकेज किराया इकोनॉमी (SL) श्रेणी के लिए 20,400, थर्ड एसी (3AC) के लिए 33,700 और सेकंड एसी (2AC) के लिए 44,500 तय किया गया है।

चूरू - सादुलपुर खंड में ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

उत्तर पश्चिम रेलवे ने चूरू – आसलु – दूधवा खारा स्टेशनों के मध्य जनवरी 2026 में इन्फ्रास्ट्रक्चर कार्य के लिए ब्लॉक लेने की घोषणा की है। इसके चलते पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएंगी जबकि कुछ ट्रेनों को रेगुलेट किया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को समय और मार्ग परिवर्तन के संबंध में पूर्व सूचना देने के लिए यह निर्णय लिया है।

रेगुलेट होने वाली ट्रेनें

ब्लॉक के दौरान कुछ ट्रेनें चूरू स्टेशन पर निर्धारित समय से लेट चलेंगी। 19027 बांद्रा टर्मिनस – जम्मू तवी एक्सप्रेस और 22915 बांद्रा टर्मिनस – हिसार एक्सप्रेस को चूरू स्टेशन पर लगभग 30 मिनट तक रेगुलेट किया जाएगा। यात्रियों से आग्रह है कि वे अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इन बदलावों को ध्यान में रखें और रेलवे द्वारा जारी सूचना पर नजर बनाए रखें।

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें

ब्लॉक के दौरान कई प्रमुख ट्रेनों का मार्ग बदला जाएगा। 14702 बांद्रा टर्मिनस – श्री गंगानगर एक्सप्रेस और 14701 श्री गंगानगर – बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस को सादुलपुर, लोहारू और सीकर के माध्यम से चलाया जाएगा। इसी तरह 04712 बांद्रा टर्मिनस – बीकानेर स्पेशल और 04711 बीकानेर – बांद्रा टर्मिनस स्पेशल को जयपुर के रास्ते चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 19271 भावनगर टर्मिनस – हरिद्वार एक्सप्रेस और 19272 हरिद्वार – भावनगर टर्मिनस एक्सप्रेस को भी परिवर्तित मार्ग से संचालन किया जाएगा, जिनमें विभिन्न स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव निर्धारित किए गए हैं।

कालाबुर्गी-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस में नया स्टॉपेज

मुंबई। भारतीय रेलवे ने कलबुर्गी–एसएमवीटी बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस (22231/22232) का रूट संशोधित करते हुए इसे श्री सत्य साईं प्रशांति निलयम स्टेशन के माध्यम से चलाने का निर्णय लिया है। 1 जनवरी 2026 से कालाबुरागी और 2 जनवरी 2026 से बेंगलुरु से चलने वाली इस ट्रेन में नया ठहराव जोड़ा गया है। यह निर्णय मुख्य रूप से तीर्थयात्रियों, श्रद्धालुओं और इस क्षेत्र से आने-जाने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

ट्रेन नंबर 22231 के लिए नया समय

संशोधित टाइम–टेबल के अनुसार ट्रेन नंबर 22231 कालाबुरागी–एसएमवीटी बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस अब कालाबुरागी से सुबह 06:10 बजे प्रस्थान करेगी, जो पहले 05:15 बजे था। नया जोड़ा गया स्टॉप श्री सत्य साईं प्रशांति निलयम सुबह लगभग 11:00 बजे पहुँचेगा। इसके बाद ट्रेन 14:10 बजे सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु पहुँचेगी।

ट्रेन नंबर 22232 का अपडेटेड शेड्यूल

वापसी दिशा में 22232 एसएमवीटी बेंगलुरु–कालाबुरागी अब दोपहर 14:40 बजे प्रस्थान करेगी और श्री सत्य साईं प्रशांति निलयम पर शाम 16:23 बजे रुकेगी। यह ट्रेन पहले की तुलना में 45 मिनट पहले रात 22:45 बजे कालाबुरागी पहुँचेगी। मध्य रेलवे के सोलापुर मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा की योजना बनाते समय इन संशोधित समय–सारिणी को ध्यान में रखें।

पर्यावरण के अनुकूल फ्यूल के इस्तेमाल पर वर्कशॉप का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

हाई कोर्ट के आदेश और महाराष्ट्र पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के निर्देशों के तहत तंदूर उत्पाद तैयार करने वाले बेकरी और होटल संचालकों को अब कोयला व लकड़ी की जगह पर्यावरण अनुकूल ईंधन जैसे LPG, PNG या बिजली का उपयोग करना अनिवार्य है। इसी विषय पर मार्गदर्शन देने के लिए मनपा ने एक वर्कशॉप आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे ने की।

सर्वे और छूट की संभावनाएं

महानगर गैस डिस्ट्रीब्यूशन ने पेंडिंग बेकरी और होटलों की GPS जानकारी प्रदान करने का अनुरोध किया, ताकि 15 दिनों में सर्वे कर फीजिबिलिटी जांची जा सके। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्रदूषण नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए कीमत में रियायत दिए जाने की संभावना भी देखी जाएगी। जहां PNG संभव न हो, वहां LPG का विकल्प अपनाया जाएगा। यह वर्कशॉप WRI और ASAR की टीम द्वारा संचालित की गई।

पर्यावरण अनुकूल ईंधन पर चर्चा

वर्कशॉप में बेकरी और होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि, FSSI अधिकारी, महानगर गैस डिस्ट्रीब्यूशन के मुकेश पनोत्रा, LPG से जुड़े उद्योग प्रतिनिधि और HPCL के अधिकारी मौजूद रहे। ठाणे मनपा की ओर से फायर, लाइसेंसिंग और पर्यावरण विभाग के अधिकारी भी शामिल हुए।

फ्यूल शिफ्ट करने की चुनौतियां

वर्कशॉप में बताया गया कि मनपा क्षेत्र में कुल 47 बेकरी हैं, जिनमें से 30 पहले से इलेक्ट्रिक फ्यूल पर कार्यरत हैं। बेकरी और होटल एसोसिएशन ने कहा कि गैस कनेक्शन के लिए उनके आवेदन लंबे समय से लंबित हैं और नए फ्यूल पर शिफ्ट करते समय मशीनरी हटाने में समय और खर्च दोनों लगते हैं।

12 राशिफल में देखें अपना दिन

मेष धनार्जन होगा। प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार–व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपत्ति के लेनदेन में सावधानी रखें।

वृष संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूंजी निवेश बढ़ेगा। प्रचार–प्रसार से दूर रहें। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर–बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा।

मिथुन जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी।

कर्क भौतिक विकास के कार्यों को बल मिलेगा। फालतू खर्च होगा। भागीदारी के प्रस्ताव आएंगे। दिनचर्या नियमित रहेगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम न लें। झंझटों में न पड़ें। आय में कमी होगी।

सिंह प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। बुद्धि एवं मनोबल से सुख–संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। सगे–संबंधी मिलेंगे।

कन्या मान बढ़ेगा। मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं। उलझनों से मुक्ति मिलेगी।

तुला स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार–व्यवसाय में सावधानी रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह–कलेश का माहौल रह सकता है।

वृश्चिक यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी।

धनु उदर विकार के योग के कारण खान–पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें।

मकर धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

कुंभ समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार–व्यवसाय अच्छा चलेगा। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है।

मीन रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें। नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ–परख रहेगी।

पंचांग: भारतीय समय गणना और ज्योतिष का अनमोल साधन

भारत में समय को हमेशा से विशेष महत्व दिया गया है। हमारे प्राचीन शास्त्रों और वैदिक साहित्य में हर कार्य का समय निर्धारित करने की परंपरा रही है, और इसी आवश्यकता से विकसित हुआ है पंचांग। पंचांग केवल एक कैलेंडर नहीं है, बल्कि यह समय, ग्रह-नक्षत्र, योग और करण के आधार पर जीवन के हर महत्वपूर्ण निर्णय को मार्गदर्शन देने वाला एक प्राचीन विज्ञान है। भारतीय समाज में यह धार्मिक अनुष्ठान, विवाह, यात्रा, पूजा-पाठ, गृहप्रवेश और अन्य शुभ कार्यों के लिए अनिवार्य साधन माना जाता है। पंचांग का मूल उद्देश्य है समय का सही उपयोग करना और किसी भी कार्य के लिए शुभ या अनुकूल समय का चयन करना। इसे पांच मुख्य अंगों में विभाजित किया गया है—तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण। प्रत्येक अंग का अपना महत्व है और यह मानव जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, सफलता और संतुलन लाने में सहायक है। तिथि चंद्रमा की गति पर आधारित होती है। यह दिन-प्रतिदिन बदलती

प्रियंका जैन
9769994439

है क्योंकि चंद्रमा की स्थिति के अनुसार दिन और रात का विभाजन होता है। चंद्रमा के बढ़ने और घटने के आधार पर प्रत्येक तिथि का महत्व तय किया जाता है। उदाहरण के लिए, पूर्णिमा और अमावस्या की तिथियाँ न केवल धार्मिक अनुष्ठानों के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ज्योतिषीय दृष्टि से भी जीवन की ऊर्जा और मानसिक स्थिति पर गहरा प्रभाव डालती हैं। वार यानी सप्ताह के दिन ग्रहों के अनुसार निर्धारित होते हैं। प्रत्येक दिन किसी न किसी ग्रह से संबंधित होता है, जैसे सोमवार चंद्रमा का, मंगलवार मंगल का, बुधवार बुध का आदि। इन दिनों का प्रभाव जीवन के विभिन्न कार्यों, भावनाओं और निर्णयों पर पड़ता है। किसी विशेष कार्य के लिए दिन का चयन करना इस सिद्धांत पर आधारित होता है कि ग्रहों की स्थिति उस कार्य को सफल बनाने में सहायक हो।

नक्षत्र आकाश के 27 तारामंडलों से बनते हैं। प्रत्येक दिन चंद्रमा जिस नक्षत्र में स्थित होता है, वही दिन का नक्षत्र माना जाता है। नक्षत्र का ज्ञान विवाह, व्यवसाय, यात्रा और अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों में सही समय का चयन करने के लिए महत्वपूर्ण है। नक्षत्रों की स्थिति व्यक्ति के जीवन पर मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक प्रभाव डालती है।

योग सूर्य और चंद्रमा की संयुक्त गति से बनता है। कुल 27 योग होते हैं, जो दिन की शुभता और अनुकूलता तय करने में मदद करते हैं। योग के माध्यम से किसी कार्य की सफलता या विफलता के संकेत का अनुमान लगाया जा सकता है। यह जीवन में संतुलन बनाए रखने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का एक तरीका भी है। करण तिथि का आधा हिस्सा होता है। प्रत्येक तिथि में दो करण होते हैं। करण कार्य की सफलता, व्यवसायिक निर्णय और सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पंचांग में करण के आधार पर भी किसी कार्य के लिए समय तय किया जाता है। पंचांग का महत्व केवल धार्मिक या ज्योतिषीय नहीं है, बल्कि यह खगोल विज्ञान और समय गणना का एक जीवंत उदाहरण है। इसमें सूर्य, चंद्रमा और ग्रहों की गति के वैज्ञानिक आधार को समेटा गया है। प्राचीन काल में पंचांग का उपयोग खेती, मौसम, जलवायु, और जीवन के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं के समय निर्धारण में भी किया जाता था। आज भी पंचांग हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। लोग इसे दैनिक जीवन में शुभ मुहूर्त देखने, यात्रा और व्यापार के लिए सही समय चुनने, विवाह और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों की योजना बनाने, और आध्यात्मिक अनुष्ठान करने में उपयोग करते हैं।

घुसपैठियों का काल बनेगी बायोमेट्रिक प्रोफाइल

योगी सरकार ने घुसपैठ रोकने के लिए तैयार किया हाईटेक प्लान

एजेंसी । लखनऊ

प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों पर पूरी तरह नकेल कसने के लिए योगी सरकार ने व्यापक और हाईटेक योजना तैयार की है। सरकार का दावा है कि यह मॉडल आगे चलकर पूरे देश के लिए उदाहरण बनेगा। योजना के तहत संदिग्ध घुसपैठियों की पहचान, सत्यापन और निगरानी के लिए उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर इस अभियान के लिए फुलप्रूफ रोडमैप तय किया है। इसमें फर्जी पहचान पत्रों और दस्तावेजों की गहन जांच, हाईटेक स्कैनिंग और डिजिटल सत्यापन शामिल है, ताकि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति अपनी पहचान छुपाकर प्रदेश में न रह सके।

बनेगी विस्तृत बायोमेट्रिक फाइल

सरकार डिटेंशन सेंटर में रखे जाने वाले घुसपैठियों की बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट, फेशियल रिकॉग्निशन और अन्य डिजिटल पहचान का डेटा संग्रह करेगी। इस आधार पर एक "निगेटिव लिस्ट" तैयार होगी, जिसे अन्य राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों के साथ भी साझा किया जाएगा ताकि ये व्यक्ति दोबारा किसी सरकारी पहचान प्रणाली—जैसे आधार—में पंजीकृत न हो सकें और देश की सीमा में पुन: प्रवेश न कर सकें।

फर्जी दस्तावेज बनाने वालों पर भी कार्रवाई

सरकारी अधिकारियों का कहना है कि टेक्नोलॉजी की मदद से न सिर्फ घुसपैठियों की पहचान होगी, बल्कि उनके लिए तैयार किए गए फर्जी दस्तावेजों का पूरा नेटवर्क भी उजागर किया जाएगा। ऐसे गिरोहों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी है, ताकि आगे कोई भी आसानी से फर्जी दस्तावेज तैयार न कर सके। सरकार डिटेंशन सेंटरों को भी अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था से लैस कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, इन सेंटरों की निगरानी व्यवस्था इतनी मजबूत होगी कि किसी तरह की सेंधमारी की संभावना लगभग शून्य रहेगी।

बिहार कैबिनेट ने 19 एजेंडों पर लगाई मुहर

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में 19 एजेंडों को मंजूरी दी गई। इसमें तीन नए विभाग (युवा रोजगार एवं कौशल विकास, उच्च शिक्षा और सिविल विमानन) बनाए गए। इसके साथ ही कुछ विभागों के नाम बदलने की भी स्वीकृति मिली।

सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का डीए 5 प्रतिशत बढ़ाकर 257 प्रतिशत कर दिया गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ बिहार में विद्यार्थी कौशल कार्यक्रम शुरू करने, नगर निकायों के पावर बकाया भुगतान के लिए 400 करोड़ रुपये, और वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष फाउंडेशन के लिए 15 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई।

बैठक में बिहार को टेक्नोलॉजी हब बनाने, डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर पार्क, मेगा टेक सिटी और फिनटेक सिटी स्थापना समेत 25 चीनी मिलों को खोलने और 11 सैटलाइट टाउनशिप विकसित करने की योजनाओं को भी मंजूरी मिली।

जौनपुर में रोहिंग्या, बांग्लादेशी घुसपैठियों की तलाश तेज

जौनपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के बाद जौनपुर पुलिस ने जिले में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। प्रशासन ने इसे सुरक्षा और जनसंख्या सत्यापन से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सभी थाना प्रभारियों और लोकल इंटेलिजेंस यूनिट (एलआईयू) को अलर्ट मोड पर भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद अब जिलेभर में सघन जांच शुरू की जाएगी। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को संवेदनशील क्षेत्रों और किराएदारों, मज़दूर बस्तियों तथा शहरी-ग्रामीण सीमावर्ती इलाकों में विशेष निगरानी का निर्देश दिया है।

एलआईयू की रिपोर्ट पर आगे की कार्रवाई

डॉ. कौस्तुभ के अनुसार एलआईयू लगातार संदिग्ध व्यक्तियों, किराए पर रहने वालों और हाल ही में जिले में आए लोगों की जानकारी जुटा रही है। इसकी रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे कार्रवाई करेगी। जरूरत पड़ने पर गिरफ्तारियां भी की जाएंगी और सूचनाएं शासन को भेजी जाएंगी। अभियान में ऐसे सभी क्षेत्रों को शामिल किया गया है जहां बाहरी राज्यों या देशों से मजदूरों का आवागमन अधिक रहा है। पुलिस टीमें पहचान पत्र, आवासीय प्रमाण, काम से जुड़े दस्तावेज और स्थानीय सत्यापन की पड़ताल कर रही हैं। पुलिस ने नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत अपने नजदीकी थाने या पुलिस हेल्पलाइन पर दें।

न्यूज ब्रीफ

SIR की समय-सीमा बढ़ाए आयोग : मायावती

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पर कहा है कि पार्टी इसका विरोध नहीं करती, लेकिन निर्धारित समय-सीमा बेहद कम है, जिससे बीएलओ पर अत्यधिक दबाव बढ़ रहा है। जल्दीबाजी में काम होने से करोड़ों वैध मतदाताओं—विशेषकर गरीब और बाहर काम करने वाले—के नाम सूची से छूटने का खतरा है। मायावती ने एसआईआर की अवधि बढ़ाने की मांग के साथ कहा कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी सार्वजनिक करने की जिम्मेदारी राजनीतिक दलों पर नहीं, स्वयं प्रत्याशियों पर होनी चाहिए।

उन्होंने ईवीएम पर उठती शंकाओं का जिक्र करते हुए दोबारा बैलेट पेपर से चुनाव कराने या कम से कम सभी वीवीपैट पर्चियों की 100% गिनती कराने की मांग दोहराई। उनका कहना है कि इससे चुनाव प्रक्रिया पर जनता का विश्वास मजबूत होगा।

उत्तराखंड में आनलाइन बनेगा राशन कार्ड

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने राशन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया अगले साल से ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही राशन विक्रेताओं के भुगतान और बिलिंग सिस्टम को भी डिजिटल किया जाएगा। विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि नई प्रणाली में सबसे ज्यादा जरूरतमंद लोगों, जैसे विकलांग, तलाकशुदा, अनाथ और मानसिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा, राशन विक्रेताओं का अगले तीन महीने का लाभांश 2-3 दिन में जारी कर दिया जाएगा।

रूल्स की अनदेखी पर 153 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित

बरेली। सड़क सुरक्षा नियमों की लगातार अनदेखी बरेली के वाहन चालकों पर भारी पड़ रही है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने जनवरी से नवंबर 2024 के बीच तेज रफ्तार, ओवरटेकिंग, स्टंटबाजी और नशे में वाहन चलाने जैसी गंभीर उल्लंघनों पर 153 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए हैं। आरटीओ पंकज सिंह के अनुसार, सड़क हादसों को रोकने के लिए विभाग सख्त अभियान चला रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जरूरत पड़ने पर लाइसेंस स्थायी रूप से निरस्त भी किए जा सकते हैं। विभाग लगातार लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखे हुए है। आरटीओ ने चेतावनी दी है कि शराब पीकर वाहन चलाने और खतरनाक ड्राइविंग करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा—ट्रैफिक नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा है; एक गलती किसी की जान और भविष्य दोनों छीन सकती है।

रुम सिंह राणा ने राष्ट्रपति को भेजा इच्छा मृत्यु का पत्र

पारिवारिक विवाद और लगातार उत्पीड़न से परेशान हैं राणा

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल जिले से एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां बहजोई थाना क्षेत्र के लहरावन गांव के निवासी रुम सिंह राणा ने पारिवारिक विवाद और लगातार हो रहे उत्पीड़न से तंग आकर राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। उन्होंने मंगलवार को चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के फव्वारा चौक स्थित बड़े डाकघर से अपना पत्र रजिस्ट्री कराया।

राणा का आरोप है कि परिजनों और एक महिला ने मिलकर उन पर कई झूठे मुकदमे दर्ज करवाए, जिससे उनका जीवन संकट में पड़ गया है। उनका कहना है कि लगातार की जा रही मानसिक प्रताड़ना और झूठी शिकायतों के कारण वे अपने परिवार और समाज में अपमानित महसूस कर रहे हैं, जिसके चलते उन्होंने यह चरम कदम उठाने का फैसला लिया।

सत्यता की जांचोपरांत होगी कार्यवाही

मामले के सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर भी चर्चा तेज हो गई है। पुलिस का कहना है कि पत्र की जानकारी मिलते ही संबंधित प्रकरण की जांच शुरू की जाएगी और पीड़ित की ओर से लगाए गए आरोपों की सत्यता की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। घटना ने एक बार फिर पारिवारिक विवादों में बढ़ती कानूनी जटिलताओं और मानसिक दबाव के मुद्दे को उजागर किया है। Authorities ने लोगों से अपील की है कि किसी भी विवाद में कानूनी समाधान और संवाद को प्राथमिकता दें, ताकि ऐसी गंभीर परिस्थितियां न उत्पन्न हों।

शामली में 50 हजार का इनामिया मुठभेड़ में ढेर

शामली। उत्तर प्रदेश के शामली जिले में थानाभवन और बाबरी पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई में 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश समयदीन उर्फ सामा मारा गया। मुठभेड़ के दौरान एक सिपाही अनुज यादव भी घायल हुआ, जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के अनुसार, बदमाश समयदीन पर उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और राजस्थान में कुल 28 मुकदमें दर्ज थे। देर रात मिली सूचना के बाद पुलिस ने ग्राम भैंसानी ईस्लामपुर स्थित ईंट भट्टे में छिपे बदमाश को पकड़ने के लिए छापा मारा। जवाबी फायरिंग में समयदीन घायल

हुआ और इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया गया। मुठभेड़ में बदमाश के पास से 9 एमएम और 32 बोर पिस्टल समेत कारतूस बरामद हुए। एसपी ने बताया कि समयदीन शातिर किस्म का हिस्ट्रीशीटर अपराधी था और उसके अन्य साथी अंधेरे में फरार हो गए हैं। उनकी तलाश जारी है।

मुंबई में पत्नी को बेचने की कोशिश, जांच शुरू

जालौन। उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में कोंच कोतवाली क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। 4 साल पहले शादी करने वाली महिला महकबानो ने आरोप लगाया कि पति ने पहले उसे पीटा और उसके खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस कराने के लिए उसे बहलाया-फुसलाया।

महिला का कहना है कि उसके पति ने उसे मुंबई ले जाकर अन्य व्यक्ति को बेचने की कोशिश भी की। पीड़िता ने मंगलवार को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई और मामले की कार्रवाई की मांग की। कोंच कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है और जांच पूरी होने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

27.5 लाख रुपये में कंपनी ने खरीदा यूनीक कार नंबर

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले में एक कंपनी ने मर्सिडीज़ कार के लिए आकर्षक वाहन नंबर 0001 को 27.50 लाख रुपये में खरीदा है। यह किसी भी निजी वाहन के लिए पहली बार इतनी बड़ी राशि के रूप में जमा कराई गई है।

परिवहन विभाग के अनुसार, दवा कंपनी एम/एस अविओरियन प्राइवेट लिमिटेड ने ऑनलाइन नीलामी में 33,333 रुपये की अग्रिम राशि जमा कर प्रक्रिया में हिस्सा लिया था और अब बकाया राशि जमा कर नंबर हासिल किया। बेस प्राइस एक लाख रुपये था, जिसके ऊपर बोली शुरू हुई।

एआरटीओ नंद कुमार ने बताया कि आकर्षक नंबरों के लिए लोगों और कंपनियों में काफी क्रेज है। हाल ही में इसी सीरीज में 0008 नंबर पर 11 लाख रुपये और 0001 नंबर पर पहले 32 लाख रुपये तक की बोली लगी थी।

व्यापार जगत

दो दिन में डूबे 6 लाख करोड़

आईटी सेक्टर में देखी गई सर्वाधिक गिरावट

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट का दौर रहा। बीएसई सेंसेक्स 436 अंक यानी 0.51% गिरकर 84,666 और एनएसई निफ्टी 121 अंक यानी 0.47% घटकर 25,839 के स्तर पर बंद हुआ। इस दो दिवसीय गिरावट ने निवेशकों की संपत्ति से 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी कर दी।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत निर्णय से पहले निवेशकों की सतर्कता, रुपये की कमजोरी, एफआईआई की बिकवाली और भारत-अमेरिका व्यापार सौदे को लेकर अनिश्चितता ने बाजार पर दबाव डाला।

बाजार में लगातार जारी गिरावट के दौर में आईटी सेक्टर हांफता नजर आया। इस सेक्टर में सर्वाधिक गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा पीएसयू बैंक, रियलिटी और कंज्यूमर ड्यूरेबल शेयरों में मजबूती देखने को मिली तो दूसरी तरफ स्मॉल कैप ने अन्य सूचकांकों को पीछे छोड़ दिया।

करेंसी की चाल से तय होगी दिशा

विशेषज्ञों का कहना है कि निकट भविष्य में केंद्रीय बैंक की टिप्पणियां, करेंसी की चाल और एफआईआई का प्रवाह बाजार की दिशा तय करेंगे। तकनीकी स्तर पर निफ्टी 25,650–25,700 पर समर्थन और 25,950–26,000 पर रेजिस्टेंस है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के हेड ऑफ रिसर्च विनोद नायर ने बताया कि अमेरिकी फेड के फैसले से पहले निवेशकों ने प्रॉफिट बुकिंग जारी रखी, जिससे बाजार में नरमी बनी रही।

गौतम अडाणी ने छात्रों को दिया सफलता का मंत्र

धनबाद। आईआईटी-ISM धनबाद के शताब्दी वर्ष समारोह में उद्योगपति गौतम अडाणी ने छात्रों के साथ देश की चुनौतियों और उसके समाधान पर चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने 3एस माइनिंग एक्सलेंस सेंटर की स्थापना और 50 छात्रों के लिए पेड इंटर्नशिप की घोषणा भी की। अडाणी ने अपने संबोधन में भारत की ज्ञान परंपरा और आधुनिक तकनीकी शिक्षा की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे ऐसे मॉडल विकसित करें जो भारत की ऊर्जा और तकनीकी क्षमताओं को सही मायनों में दर्शाएं।इसके अलावा, उन्होंने भारत में बढ़ती अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता, पर्यावरण संरक्षण और माइनिंग सेक्टर की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। अडाणी ने छात्रों से कहा, "सपने देखो, डरना मत, लगातार मेहनत करो और भारत के सपनों का निर्माण करो।"

शताब्दी समारोह के दौरान पूरा ऑडिटोरियम उत्साह और गर्व से गूंज उठा। छात्रों और शिक्षकों ने तालियों के साथ अडाणी के संदेश का स्वागत किया।

एनएमडीसी स्टील ने नवंबर में किया रिकार्डतोड़ उत्पादन

नवंबर में दर्ज किया सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन

नई दिल्ली। देश के सबसे युवा एकीकृत इस्पात संयंत्र एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने नवंबर में कई उत्पादन और परिचालन रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रच दिया। संयंत्र ने प्रक्रिया स्थिरता, परिचालन उत्कृष्टता और क्षमता उपयोग के क्षेत्र में अब तक का सर्वोत्तम प्रदर्शन किया।

इस्पात मंत्रालय के अनुसार, आरएमएचएस ने 21 नवंबर को 616 वैगन की टिपलिंग के साथ एक दिन का सर्वोच्च रिकॉर्ड बनाया। संयंत्र ने 5,18,886 टन मासिक बेस मिक्स उत्पादन और सिंटर प्लांट में 4,14,271 टन मासिक उत्पादन दर्ज किया, जो रेटेड कैपेसिटी से 105% अधिक है। ब्लास्ट फर्नेस ने 28 नवंबर को 11,315 टन हॉट मेटल उत्पादन कर रेटेड कैपेसिटी का 119% हासिल किया। संयंत्र ने 519 किलोग्राम प्रति टन ईंधन दर और 164 किलोग्राम प्रति टन पीसीआई दर के साथ देश में सर्वोत्तम औसत दर्ज किया।

एनएमडीसी के चेयरमैन अमिताव मुखर्जी ने कहा कि यह उपलब्धियां टीम की मेहनत, अनुशासन और समर्पण को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि एनएसएल भारत को ग्लोबल स्टील पावरहाउस बनाने की दिशा में अपनी भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

KSH इंटरनेशनल ने प्री-आईपीओ से जुटाए 35 करोड़

नई दिल्ली। केएसएच इंटरनेशनल लिमिटेड ने प्री-आईपीओ प्लेसमेंट के माध्यम से मालाबार इंडिया फंड और अन्य निवेशकों से 35 करोड़ रुपये का निवेश हासिल किया है।

कंपनी ने 384 रुपये प्रति शेयर की दर से 911,458 इक्विटी शेयर प्राइवेट प्लेसमेंट के तहत जारी किए। इसमें मालाबार इंडिया फंड को 32.7 करोड़ रुपये के शेयर मिले, जबकि अन्य निवेशकों रूपल के संचेती और सलिल अजय भार्गव को क्रमशः 1.5 करोड़ और 0.5 करोड़ रुपये के शेयर अलॉट किए गए।

केएसएच इंटरनेशनल का आगामी आईपीओ 420 करोड़ रुपये का है, जिसमें प्रमोटरों द्वारा 325 करोड़ रुपये का ऑफर-फॉर-सेल शामिल है। प्री-आईपीओ निवेश से कंपनी को आईपीओ से पहले फंडिंग का लाभ मिला और निवेशकों को शेयर प्रीमियम या डिस्काउंट पर खरीदने का अवसर मिला।

लगातार दूसरे दिन गिरावट पर बंद हुआ शेयर मार्केट, सेंसेक्स लुढ़का

नई दिल्ली। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों की मुनाफावसूली के चलते मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई का सेंसेक्स 436.41 अंक यानी 0.51% लुढ़ककर 84,666.28 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 120.90 अंक यानी 0.47% टूटकर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में गिरावट, जबकि 8 में तेजी रही। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 719 अंक तक गिरा। निजी बैंकों, तेल और आईटी शेयरों में भी महत्वपूर्ण गिरावट आई। गिरावट वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, एचसीएल, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रहे, जबकि एसबीआई, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स और भारती एयरटेल में उछाल देखा गया।

एशियाई बाजारों में भी गिरावट जारी

एशियाई बाजारों में हांगकांग, चीन और दक्षिण कोरिया में गिरावट रही, जबकि जापान का निक्की बढ़ा। यूरोपीय बाजार मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। ब्रेंट क्रूड का भाव 0.27% गिरकर 62.33 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। पिछले दिन भी सेंसेक्स 609.68 अंक फिसलकर 85,102.69 पर और निफ्टी 225.90 अंक गिरकर 25,960.55 पर बंद हुआ था।

DPIIT ने जारी किया एआई-कॉपीराइट का पहला भाग

नई दिल्ली। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कॉपीराइट कानून से जुड़े मुद्दों पर अपने कार्य-पत्र का पहला भाग प्रकाशित किया है। इसमें 28 अप्रैल 2025 को गठित आठ सदस्यीय समिति की अनुशंसाएं शामिल हैं।

सरकारी समिति ने एआई कंपनियों को सुझाव दिया है कि वे कॉपीराइट-संरक्षित सामग्री के उपयोग के लिए व्यापक लाइसेंस प्राप्त करें। इस लाइसेंस में कॉपीराइट धारकों के लिए वैधानिक पारिश्रमिक का अधिकार भी सुनिश्चित किया जाएगा।

30 दिन के भीतर मांगे गए सुझाव



डीपीआईआईटी ने इस कार्य-पत्र को हितधारकों की राय जानने के लिए जारी किया है। 30 दिन के भीतर सभी संबंधित पक्ष अपनी टिप्पणियां और सुझाव दे सकते हैं। समिति की अध्यक्षता अतिरिक्त सचिव हिमानी पांडे ने की थी और इसमें कानूनी विशेषज्ञ, उद्योग और शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल थे। मंत्रालय का कहना है कि यह पहल एआई प्रणालियों और कॉपीराइट से संबंधित उभरते मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श को प्रोत्साहित करेगी और जरूरत पड़ने पर नियामक बदलावों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

आईपीएल 2026 नीलामी

बीसीसीआई ने जारी की 350 खिलाड़ियों की अंतिम सूची

- 35 नए खिलाड़ी शामिल, सिर्फ दो भारतीयों का बेस प्राइस 2 करोड़

मुंबई। आईपीएल 2026 के लिए खिलाड़ियों की अंतिम लिस्ट जारी कर दी गई है। इस बार ऑक्शन 16 दिसंबर को अबूधाबी में भारतीय समयानुसार दोपहर ढाई बजे से (स्थानीय समयानुसार दोपहर 1 बजे- UAE समय) से शुरू होगा। कुल 1390 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 350 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है।

कितने खिलाड़ी उपलब्ध?

शॉर्टलिस्ट किए गए कुल 350 खिलाड़ियों में से 240 भारतीय खिलाड़ी और 110 विदेशी खिलाड़ी हैं। इनमें 224 अनकैप्ड भारतीय और 14 अनकैप्ड विदेशी क्रिकेटर शामिल हैं, जो बताता है कि इस बार ऑक्शन में नए टैलेंट की भरमार होगी। सबसे बड़ा रिजर्व प्राइस 2 करोड़ रुपये का है और 40 खिलाड़ियों ने यही ब्रैकेट चुना है। इसके अलावा 1.5 करोड़ की बेस प्राइस वाले नौ खिलाड़ी हैं, जबकि 1.25 करोड़ की बेस प्राइस वाले चार और एक करोड़ रुपये की बेस प्राइस वाले 17 खिलाड़ी हैं।

स्टार खिलाड़ी और खास अपडेट्स

वेंकटेश और रवि बिश्नोई ऐसे केवल दो भारतीय खिलाड़ी हैं, जिनका बेस प्राइस दो करोड़ है। कैमरन ग्रीन को इस बार सबसे महंगा पिक माना जा रहा है और वह पहले सेट में शामिल रहेंगे। उनका बेस प्राइस भी दो करोड़ रुपये है। क्विंटन डिकॉक, दुनिथ वेलालगे और जॉर्ज लिंडे को फ्रेंचाइजी रिक्वेस्ट के बाद अंतिम सूची में जोड़ा गया है। कुल 35 खिलाड़ियों को अतिरिक्त रूप से शामिल किया गया है।

ऑक्शन फॉर्मेट

ऑक्शन की शुरुआत कैप्ड खिलाड़ियों की कैटेगरी से होगी। इनमें पहले बल्लेबाज, फिर ऑल-राउंडर, फिर विकेटकीपर-बल्लेबाज, फिर तेज गेंदबाज और आखिर में स्पिनर आएंगे। इसके बाद अनकैप्ड खिलाड़ियों की बारी आएगी। 70वें नंबर के खिलाड़ी के बाद एक्सलरेटेड नीलामी शुरू होगी।

10 फ्रेंचाइजी के पास कुल 77 स्लॉट्स उपलब्ध हैं, जिनमें से 31 स्लॉट विदेशी खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं। इस बार कोलकाता नाइट राइडर्स के पास सबसे बड़ा पर्स है। उनके पर्स में 64.30 करोड़ रुपये हैं और उनके पास सबसे अधिक 13 (जिसमें 6 ओवरसीज स्लॉट शामिल) स्लॉट भी उपलब्ध हैं।

पृथ्वी शॉ और सरफराज भी पहले सेट में

पहले सेट में शामिल खिलाड़ियों की सूची में भारत और मुंबई के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और सरफराज खान भी हैं, जिन्होंने अपना बेस प्राइस 75 लाख रुपये रखा है। शॉ ने 2018 से 2024 तक लगातार आईपीएल खेला, लेकिन पिछली नीलामी में वह अनसोल्ड रहे थे। वहीं सरफराज खान ने 2021 के बाद आईपीएल नहीं खेला है। घरेलू खिलाड़ियों में, सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन और विकेट लेने वालों में शामिल कुणाल चंदेला और अशोक कुमार भी अंतिम सूची का हिस्सा हैं।

इंग्लैंड के 21 और ऑस्ट्रेलिया के 19 खिलाड़ी

कुल 21 इंग्लैंड के खिलाड़ी इस सूची में शामिल हैं, जिनमें विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ, तेज गेंदबाज गस एटकिंसन, लियाम लिविंगस्टोन और टेस्ट ओपनर बेन डकेट जैसे नाम शामिल हैं। इस ऑक्शन में सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित करने वाले खिलाड़ियों में माने जा रहे कैमरन ग्रीन, ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े नाम हैं। उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के अन्य 18 खिलाड़ियों में जोस इंग्लिस, मैथ्यू शॉर्ट, कूपर कोनोली और ब्यू वेबस्टर प्रमुख नाम हैं।

मेसी और सुआरेज मुंबई में रैंप पर बिखेरेंगे जलवा

- लियोनेल से विश्व कप की महत्वपूर्ण चीजें नीलामी के लिए मांगी गईं
- 14 दिसंबर की रात 'धर्मार्थ फैशन शो' में लेंगे हिस्सा

कोलकाता। फुटबॉलप्रेमियों के लिए इससे यादगार और क्या हो सकता है? अर्जेंटीना के महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी भारत दौरे के दौरान धर्मार्थ कार्य के लिए मुंबई में रैंप वॉक करेंगे। इसके लिए आयोजकों ने उनसे 2022 विश्व कप जीत की कुछ खास यादगार चीजें नीलामी के लिए लाने को कहा है। गोट टूर पर आ रहे : 'जी.ओ.ए.टी. इंडिया टूर 2025' के प्रमोटर सतादरू दत्ता ने मंगलवार को बताया कि मेसी, उनके जोड़ीदार स्ट्राइकर लुइ सुआरेज और अर्जेंटीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डि पॉल 14 दिसंबर की रात 45 मिनट के फैशन से जुड़े शो में हिस्सा लेंगे।

धर्मार्थ फैशन शो

यह 'धर्मार्थ फैशन शो' होगा। सुआरेज म्यूजिक शो का भी हिस्सा होंगे जबकि आयोजकों ने मेसी से औपचारिक रूप से आग्रह किया है कि वह दौरे के मुंबई चरण के दौरान नीलामी के लिए 2022 विश्व कप की कुछ यागदार चीजें लेकर आएं। कार्यक्रम शाम पांच बजे वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होगा। उससे पहले क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में साढ़े तीन बजे से पेडल कप होगा।

कोलकाता कार्यक्रम में 70 हजार से अधिक लोगों के आने की उम्मीद

दुर्गा पूजा सत्र के लिए तैयार किया गया मेसी का 25 गुणा 20 फीट का भित्ति चित्र भी सॉल्ट लेक स्टेडियम में इस दिग्गज को सौंपा जाएगा। कोलकाता में होने वाले कार्यक्रम में 70 हजार से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है।

कोलकाता में कार्यक्रम की खास बातें

कोलकाता में मेसी की अब तक की सबसे बड़ी 70 फीट की प्रतिमा का अनावरण सुरक्षा कारणों से टीम होटल से वर्चुअली किया जाएगा। आठ बार के बैलन डि ऑर विजेता मेसी अनावरण के लिए पहले स्वयं 'श्रीभूमि' जाने वाले थे। एक सूत्र ने बताया, पुलिस ने स्वीकृति नहीं दी है इसलिए वह होटल से (अनावरण) करेंगे। मेसी शनिवार तड़के डेढ़ बजे पहुंचेंगे और ईएम बाईपास पर एक पांच सितारा होटल में रुकेंगे।

भारत के सामने नौ साल बाद पदक जीतने का मौका

जूनियर हॉकी विश्व कप

एजेंसी । चेन्नई

भारतीय टीम जूनियर हॉकी विश्व कप के कांस्य पदक के मुकाबले में बुधवार को अर्जेंटीना से भिड़ेगी। ऐसे में नौ साल बाद पदक जीतने के लिए उसे दबाव में गलतियां करने की आदत से पार पाना होगा।

अभ्यास मैच खेले

टूर्नामेंट से पहले भारत और अर्जेंटीना ने तीन अभ्यास मैच मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर ही खेले थे जिसमे पहला 1-1 से ड्रॉ रहा, दूसरा भारत ने 5-3 से और तीसरा अर्जेंटीना ने 2-1 से अपने नाम किया था। अर्जेंटीना के कोरिया ब्रूनो टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में हैं और छह गोल कर चुके हैं। मैच शाम 5.30 से शुरू होगा जिसके बाद जर्मनी और स्पेन के बीच फाइनल खेला जाएगा। राउंड रॉबिन चरण में भारत ने 29 गोल किए थे और एक भी गोल गंवाया नहीं था, लिहाजा गोलकीपर और डिफेंस को कोई चुनौती नहीं मिल सकी थी।

गलतियों से बचना होगा

पिछले दो विश्व कप में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम को उन गलतियों से बचना होगा जो उसने सेमीफाइनल में सात बार की चैंपियन जर्मनी के खिलाफ कीं और 1-5 से हार गई। होबर्ट में 2001 के बाद भारत ने दूसरा और आखिरी खिताब 2016 में लखनऊ में जीता था। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य जीत चुके भारत के मुख्य कोच पी आर श्रीजेश को पता है कि अर्जेंटीना की चुनौती को कमतर नहीं आंका जा सकता। दो बार की चैंपियन अर्जेंटीना ने 2021 में फाइनल में जर्मनी को 4-2 से हराकर खिताब जीता था।

न्यूज ब्रीफ

फाइनल में कॉमरेड्स क्रिकेट अकादमी

मुंबई। ओवल मैदान पर खेले गए एमसीसी टैलेन्ट सर्च बॉयज अंडर-14 क्रिकेट लीग के दूसरे सेमीफाइनल में कॉमरेड्स क्रिकेट अकादमी की टीम ने अंत में जबरदस्त क्षमता का प्रदर्शन किया और शिव सेवा क्रिकेट क्लब को नौं रनों से परास्त करके लीग के फाइनल में जगह बनाई। फाइनल उसकी भिड़ंत स्पॉईडर स्पोर्ट्स अकादमी के साथ होगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए कॉमरेड्स क्रिकेट अकादमी की टीम ने निर्धारित 40 ओवरों में 182 रनों का स्कोर खड़ा किया, इस दौरान उसने नौं विकेट गवांए। कॉमरेड्स क्रिकेट अकादमी की ओर से एल्मर रोड्रिक्स ने 29, शुभ अग्रवाल ने 28, अबूज़ार वासिम ने 27 और हीत अकोला मे 26 रनों का योगदान किया।

अल्काराज ने मियामी में प्रदर्शनी मैच में रंग जमाया

मियामी। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मियामी आमंत्रण प्रदर्शनी टेनिस टूर्नामेंट में जलवा बिखेरकर दर्शकों को रोमांचित किया। सोमवार को अल्काराज ने जब कोर्ट पर कदम रखा तो देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। मैच में दर्शकों ने स्पेन के इस खिलाड़ी को सिर-आंखों पर बिठाए रखा। यह पहला अवसर था जबकि लोनडिपो पार्क में कोई टेनिस मैच खेला गया। इसमें ब्राजील के जोआओ फोंसेका तथा अमेरिका की महिला स्टार अमांडा अनीसिमोवा और जेसिका पेगुला ने भी हिस्सा लिया। अल्काराज ने विश्व में 24वीं रैंकिंग वाले फोंसेका को 7-5, 2-6, 10-8 से हराया।

फाइनल्स में उतरेगी दिया चितले-मानुष शाह की जोड़ी



हांगकांग। दिया चितले और मानुष शाह की जोड़ी बुधवार से यहां शुरू हो रहे डब्ल्यूटीटी फाइनल्स 2025 प्रतियोगिता के मिश्रित युगल में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। हांगकांग में यह टूर्नामेंट ग्लोबल डब्ल्यूटीटी सीरीज का समापन है। सीजन की इस आखिरी प्रतियोगिता में केवल 16 सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला एकल खिलाड़ी, साथ ही शीर्ष आठ मिश्रित युगल जोड़ियां हिस्सा लेंगी। युगल में आठ जोड़ियां चार-चार के दो ग्रुप में हैं। दिया-मानुष को ग्रुप 1 में चीनी जोड़ियों लिन शिडोंग-कुआई मैन, वांग चुकिन-सन यग्शिं के साथ-साथ हांगकांग चीन के हुआंग जेटिंग-डू काइकिन के साथ रखा गया है।

बीबीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे निक मैडिनसन

सिडनी। कैंसर से उबर रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज निक मैडिनसन प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में बिग बैश लीग (बीबीएल) से वापसी करेंगे। पूर्व टेस्ट बल्लेबाज ने सिडनी थंडर के साथ दोबारा अनुबंध किया है। 2016 में ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन टेस्ट खेलने वाले मैडिनसन ने छह अंतरराष्ट्रीय टी-20 में से आखिरी मैच 2018 में खेला था। थंडर ने मंगलवार को 33 वर्षीय मैडिनसन के लिए एक सत्र का अनुबंध घोषित किया। मैडिनसन ने आखिरी बार इस साल मार्च में न्यू साउथ वेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड मैच खेला था। तब उन्हें कैंसर का पता चला। जुलाई में उन्होंने नौ सप्ताह की कीमोथेरेपी पूरी की, लेकिन कैंसर उनके पेट और फेफड़ों तक फैल गया था। हालांकि उनका इलाज सफल रहा और उन्होंने फिर से अभ्यास शुरू दिया है। वह सिडनी में ईस्टर्न सबअर्ब्स के लिए चार क्लब मुकाबले खेल चुके हैं।

बॉलीवुड

ओटीटी पर भी 'धुरंधर' ने मारी बाजी

रणवीर सिंह की 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। सिनेमाघरों के बाद ये फिल्म OTT की दुनिया में भी तहलका मचाएगी। सिर्फ 3 दिन में 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हुई इस फिल्म में खासतौर पर अक्षय खन्ना के रहमान डकैत के किरदार ने दर्शकों को दीवाना बना दिया है। सिनेमाघरों में फिल्म का धमाका जारी है और इसी बीच सामने आ चुकी है फिल्म की जबरदस्त OTT डील, जिसने निर्माताओं की झोली भर दी है।

किसी भी बड़ी फिल्म के असली मुनाफे का खेल थिएट्रिकल और नॉन-थिएट्रिकल राइट्स से तय होता है और 'धुरंधर' इस खेल की भी बड़ी खिलाड़ी बनकर उभरी है। नेटफ्लिक्स ने फिल्म के स्ट्रीमिंग राइट्स 130 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। एक भाग के राइट्स 65 करोड़ रुपये में बिके हैं। यूं तो छोटी फिल्मों को OTT डील से कुछ खास कमाने का मौका नहीं मिलता। हालांकि, रणवीर के करियर के लिए ये अब तक की सबसे बड़ी OTT डील है।

शाहरुख खान की 'जवान' से भी आगे निकली 'धुरंधर'

रणवीर की किसी भी फिल्म का OTT सौदा इतनी भारी-भरकम रकम में नहीं हुआ था। उनकी फिल्म '83' को नेटफ्लिक्स ने 30 करोड़ रुपये में खरीदा था, वहीं 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' को अमेजन प्राइम वीडियो को 80 करोड़ रुपये में बेचा गया था। IMDb के मुताबिक, शाहरुख खान की 'जवान' के डिजिटल राइट्स 120 करोड़ में नेटफ्लिक्स ने खरीदे थे। 'एनिमल' के राइट्स 120 करोड़ रुपये, जबकि 'टाइगर 3' के OTT राइट्स 95 करोड़ में बिके थे। 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। लंबे समय के बाद रणवीर की फिल्म आई है और उन्होंने बवाल काट दिया है। जो भी 'धुरंधर' देख रहा है, वो इसकी तारीफ करते नहीं थक रहा है। फिल्म में रणवीर के अलावा अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, अक्षय खन्ना और आर माधवन अहम भूमिका में नजर आए हैं।

'धुरंधर' अब रुकने वाली नहीं

जाने-माने फिल्म समीक्षक तरन आदर्श का मानना है कि 'धुरंधर' सिनेमाघरों में लंबे समय तक चलेगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी है और मंडे टेस्ट भी शानदार तरीके से पास किया है। उनके मुताबिक, पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण हर जगह फिल्म को लेकर दीवानगी देखने को मिल रहा है और नेशनल मल्टीप्लेक्स चेन में भी ये शानदार कमाई कर रही है।

बंसल मर्डर्स की गुत्थी सुलझाने लौटे नवाजुद्दीन सिद्दीकी

बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक बार फिर पुलिस अधिकारी के किरदार में लौट रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म 'रात अकेली हैः द बंसल मर्डर्स' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जो नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इंस्पेक्टर जटिल यादव के किरदार में नवाजुद्दीन के साथ, राधिका आप्टे की वापसी हुई है। ट्रेलर में कुछ नए चेहरों ने लोगों का उत्साह बढ़ा दिया है। इंस्पेक्टर जटिल की मुश्किल बढ़ी है, क्योंकि उन्हें एक पूरे परिवार की हत्या की गुत्थी सुलझानी है। 'रात अकेली है 2' का ट्रेलर सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर है जिसमें संजय कपूर और चित्रांगदा सिंह भी अहम किरदार में हैं। इस बार कहानी बंसल परिवार पर आधारित है, जिसकी हत्या के शक की सुई कई प्रभावशाली लोगों पर घूमती दिखी है।

दुनिया के स्टाइलिश हस्तियों में शामिल हुए शाहरुख खान



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान का नाम दुनिया के सबसे स्टाइलिश 67 हस्तियों में शामिल किया गया है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस साल के सर्वाधिक स्टाइलिश हस्तियों की सूची जारी की है। इस सूची में शाहरुख के साथ सबरीना कारपेंटर, डोची, वॉल्टन गॉगिंस, जेनिफर लॉरेंस, शाई गिलजियस-अलेक्जेंडर, कोल एस्कोला और नोआ वाइल जैसे नाम शामिल हैं।

मेट गाला की मौजूदगी का जादू यह सूची दुनिया के उन लोगों को सम्मानित करती है जिन्होंने फैशन, उपस्थिति और व्यक्तिगत स्टाइल के जरिए एक अनोखी पहचान बनाई है। 60 वर्षीय अभिनेता को विशेष रूप से इस साल उनके मेट गाला 2024 में किए गए पदार्पण और शैली के लिए सराहा गया। यह पहली बार था जब शाहरुख इस प्रतिष्ठित फैशन इवेंट में शामिल हुए थे। वहां उन्होंने प्रख्यात भारतीय डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी द्वारा डिजाइन की गई पोशाक पहनी थी। उन्होंने गले में क्रिस्टल जड़ित 'के' लिखा पेंडेंट भी पहना था।

'महावतार' में दीपिका की एंट्री

विक्की कौशल के साथ बनी पहली बार जोड़ी

फिल्मी दुनिया में जब भी सितारों की नई जोड़ी बनती है, दर्शकों के लिए उत्साह का माहौल बन जाता है। अब खबर है कि दीपिका पादुकोण ने फिल्म 'लव एंड वॉर' में अभिनेता रणबीर कपूर को टक्कर देने वाले स्टार विक्की कौशल की जोड़ीदार बनकर उनकी फिल्म 'महावतार' में एंट्री ले ली है। ये पहला मौका होगा, जब विक्की और दीपिका साथ दिखेंगे। दोनों की जोड़ी, शानदार एक्टिंग और फिल्म की कहानी मिलकर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली है। दीपिका को हाल ही में मुंबई के सांताक्रूज में मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस में देखा गया था। उस समय कहा गया था कि वो मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा बनने वाली हैं, लेकिन अब एक रिपोर्ट से पता चला है कि दीपिका फिल्म 'महावतार' में विक्की के साथ काम करने के लिए बातचीत कर रही हैं। ये फिल्म भगवान परशुराम पर आधारित है और निर्देशक अमर कौशिक ने नवंबर, 2024 में ही इसका ऐलान कर दिया था।

विक्की के बराबरी वाला किरदार निभाएंगी दीपिका

इस फिल्म में दीपिका की कास्टिंग बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माता ऐसी अभिनेत्री की तलाश में थे, जो अपने किरदार को गंभीरता, गरिमा और भावनात्मक गहराई के साथ निभा सके। दीपिका को इस भूमिका के लिए एकदम फिट माना जा रहा है।

पटरी पर लौटा इंडिगो का परिचालन

धीरे धीरे परिचालन में आया सुधार, मंगलवार को 1800 विमानों ने भरी उड़ान

एजेंसी । नई दिल्ली

पिछले पांच दिनों से बाधित इंडिगो विमानों के परिचालन के बाद एयरलाइन ने मंगलवार को दावा किया कि उसका संचालन पूरी तरह से पटरी पर लौट आया है। कंपनी ने कहा कि वह ग्राहकों को रद्द एवं विलंबित उड़ानों के टिकट का शुल्क लौटाने सहित सभी समस्याओं का समाधान करने में जुटी है।

सीईओ का संदेश

इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने वीडियो संदेश में कहा कि जिनकी उड़ानें रद्द हुई थीं या विलंबित रही, उनके टिकट का पूरा शुल्क लौटाने की प्रक्रिया लगातार जारी है। उन्होंने दावा किया कि लाखों ग्राहकों को पहले ही उनका पैसा वापस कर दिया गया है। एल्बर्स ने कहा कि एयरलाइन का परिचालन स्थिर है और अब सभी उड़ानें वेबसाइट पर दिखाए गए समय के अनुसार संचालित होंगी। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि हजारों यात्रियों की यात्रा प्रभावित हुई, लेकिन उनकी पहली प्राथमिकता हमेशा सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करना था।

टिकट शुल्क रिफंड

उड़ान विलंब और रद्द होने के कारण फंसे यात्रियों को सुरक्षित पहुंचाने के बाद कंपनी ने रिफंड प्रक्रिया शुरू की। एल्बर्स ने कहा कि शेष ग्राहकों को भी उनके पैसे लौटाने का काम दैनिक आधार पर जारी है, हालांकि अब तक कुल राशि का खुलासा नहीं किया गया।

फंसे सामान की डिलीवरी

हवाई अड्डों पर फंसे अधिकांश बैग ग्राहकों तक पहुंचा दिए गए हैं। इंडिगो की टीमें बाकी बचे सामान को जल्द ही डिलीवर करने के लिए सक्रिय हैं। एयरलाइन ने ग्राहकों से आश्वासन दिया कि उनकी सभी जरूरतों का ध्यान रखा जाएगा।

टिकट शुल्क रिफंड

उड़ान विलंब और रद्द होने के कारण फंसे यात्रियों को सुरक्षित पहुंचाने के बाद कंपनी ने रिफंड प्रक्रिया शुरू की। एल्बर्स ने कहा कि शेष ग्राहकों को भी उनके पैसे लौटाने का काम दैनिक आधार पर जारी है, हालांकि अब तक कुल राशि का खुलासा नहीं किया गया।

दृढ़ प्रयास से धीरे-धीरे सुधार

एल्बर्स ने बताया कि पांच दिसंबर को केवल 700 उड़ानें संचालित हो सकीं। इसके बाद स्थिति में सुधार हुआ और छह दिसंबर को 1,500, सात दिसंबर को 1,650, आठ दिसंबर को 1,800 और नौ दिसंबर को 1,800 से अधिक उड़ानें संचालित की गईं।

सरकार ने सख्त एक्शन लिया

सोमवार को सिविल एविएशन मंत्रालय की हाई लेवल मीटिंग के दौरान एयरलाइन की 10% फ्लाइट्स में कटौती का निर्देश जारी किया गया। यह कटौती हाई-डिमांड, हाई-फ्रीक्वेंसी रूट पर फ्लाइट में गई है। इसका असर इंडिगो की रोजाना ऑपरेट होने वाली 2300 फ्लाइट्स पर पड़ेगा। यानी लगभग 230 फ्लाइट्स घट जाएंगी।

ऑटोमेटेड हुई रिफंड की प्रक्रिया

इंडिगो ने पुष्टि की है कि नेटवर्क में लगातार कई दिनों से जारी सुधार के बाद उसकी सभी उड़ानें दोबारा बहाल कर दी गई हैं। एयरलाइन के अनुसार, वेबसाइट पर प्रकाशित सभी उड़ानें अब संशोधित नेटवर्क के साथ तय समय के अनुसार संचालित होंगी। एयरलाइन ने यह भी बताया कि हवाईअड्डों पर फंसे लगभग सभी बैग यात्रियों को लौटा दिए गए हैं, जबकि शेष बैग जल्द पहुंचाने पर टीमें काम कर रही हैं।

आज लगभग 1900 उड़ानें संचालित करने की योजना

कंपनी ने कहा कि मंगलवार को 1800 से अधिक उड़ानें संचालित कर रही है, जो नेटवर्क के सभी 138 स्टेशनों को जोड़ती हैं, और बुधवार यानी आज लगभग 1900 उड़ानें संचालित करने की योजना है। इंडिगो का ऑन-टाइम परफॉर्मेंस भी सामान्य स्तर पर लौट आया है। यात्रियों की सुविधा के लिए एयरलाइन ने कैंसिलेशन पर 'नो क्वेश्चन्स आस्क्ड' नीति के तहत पूर्ण रिफंड की प्रक्रिया पूरी तरह ऑटोमेटेड कर दी है, जो वेबसाइट पर सरलता से उपलब्ध है। इंडिगो ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि हवाईअड्डे के लिए निकलने से पहले https://www.goindigo.in/check-flight-status.html पर अपनी उड़ान की नवीनतम स्थिति अवश्य जांच लें। रिफंड से संबंधित सहायता https://www.goindigo.in/refund.html या ग्राहक सेवा चैनलों के जरिए प्राप्त की जा सकती है। एयरलाइन ने हुई असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है और यात्रियों से माफी मांगी है।

वोटर लिस्ट मामले में सोनिया गांधी को नोटिस

सेशंस कोर्ट छह जनवरी को करेगा सुनवाई

एजेंसी । नई दिल्ली

राऊज एवेन्यू सेशंस कोर्ट ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए 6 जनवरी 2026 को अगली सुनवाई निर्धारित की है। अदालत यह नोटिस उस याचिका पर विचार करते हुए जारी किया, जिसमें 1980 में वोटर लिस्ट में कथित रूप से नाम जुड़वाने के मामले में सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की गई है। यह याचिका मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा खारिज किए जाने के आदेश को चुनौती देती है।

नागरिकता हासिल करने पर फिर जोड़ा नाम

याचिका वकील विकास त्रिपाठी की ओर से दायर की गई है। इससे पहले 11 सितंबर को एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने याचिका को खारिज कर दिया था। याचिका में दावा किया गया है कि 1980 में सोनिया गांधी का नाम वोटर सूची में दर्ज कर दिया गया था, जबकि उस समय वे भारतीय नागरिक नहीं थीं। बताया गया कि उनका नाम 1982 में हटाया गया और 1983 में पुनः जोड़ा गया, जब उन्होंने भारतीय नागरिकता हासिल की।

1980 में पहली बार दर्ज हुआ था सूची में नाम

याचिका में आरोप लगाया गया है कि यदि 1980 में मतदान सूची में नाम दर्ज हुआ था, तो इसके लिए कुछ फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया होगा, जो संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। इस आधार पर याचिकाकर्ता ने सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। मजिस्ट्रेट अदालत ने इस मामले में न तो सोनिया गांधी को और न ही दिल्ली पुलिस को कोई नोटिस जारी किया था। अब सेशंस कोर्ट की ओर से जारी नए नोटिस के बाद मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

न्यूज़ ब्रीफ

इंडोनेशिया की एक इमारत में आग, 17 की मौत

जकार्ता। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता स्थित एक इमारत में मंगलवार को आग लग गई। इसमें करीब 17 लोगों की मौत हो गई। आग लगने के कारणों के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं मिली है। सात मंजिला इमारत में आग की लपटें देखते-देखते फैल गईं, जिससे आसमान में घना काला धुआं उठने लगा। इमारत के आसपास स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई।

मासिक धर्म अवकाश पर HC की अंतरिम रोक

बेंगलुरू। कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के उस आदेश पर अस्थायी रोक लगा दी है, जिसमें महिला कर्मचारियों को हर माह एक दिन का सवेतन मासिक धर्म अवकाश अनिवार्य किया गया था। यह रोक बैंगलोर होटल ओनर्स एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई के दौरान लगाई गई।याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि अवकाश नीति तय करना संस्थानों का आंतरिक निर्णय है और सरकार को श्रम कानूनों के तहत इसे बाध्यकारी बनाने का अधिकार नहीं है। अदालत ने दलीलें सुनने के बाद सरकार के 12 नवंबर को जारी आदेश को अगली सुनवाई तक स्थगित कर दिया, साथ ही अदालत ने कहा कि यदि राज्य सरकार चाहे, तो वह अंतरिम स्थगन हटाने के लिए आवेदन दे सकती है।

प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग, कई कंपनियां प्रभावित

दादरा। दादरा गांव की एक प्लास्टिक निर्माण इकाई में सोमवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई, जो कुछ ही मिनटों में फैलकर पास की कई कंपनियों तक पहुंच गई। प्लास्टिक सामग्री की अधिकता के कारण आग तेजी से भड़की और फैक्ट्री परिसर में छोटे-बड़े धमाके होने लगे, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही दादरा और नगर हवेली की फायर ब्रिगेड के साथ वापी व सगीगाम की टीमों को भी बुलाया गया। प्लास्टिक के कारण आग पर काबू पाना दमकलकर्मियों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा। एहतियातन आसपास के जोखिम वाले क्षेत्रों को खाली कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा प्रबंध संभाले। फायर विभाग के डिप्टी डायरेक्टर अमरत लाल के अनुसार आग से आसपास की कुछ अन्य इकाइयों में भी नुकसान हुआ है। आग कैसे लगी, इसका कारण अभी जांच में है। फिलहाल आग पर नियंत्रण पा लिया गया है और कुलिंग का काम जारी है।

फरार लूथरा बंधु के क्लब पर चला बुलडोजर

एजेंसी । गोवा

गोवा में नाइट क्लब अग्निकांड के बाद सरकार हरकत में आ गई है। मंगलवार को वागाटोर इलाके में स्थित रोमियो लेन नाइट क्लब के एक हिस्से को बुलडोजर से ढहा दिया। नाइट क्लब में 7 दिसंबर को आग लग गई थी जिसमें 25 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि कई लोग बुरी तरह से झुलस भी गए थे। जिस नाइट क्लब पर बुलडोजर चला है वो लूथरा ब्रदर्स का है।

घटना के तुरंत बाद लूथरा ब्रदर्स देश छोड़ थाइलैंड फरार हो गए। फिलहाल जांच एजेंसियों की ओर से लूथरा बदर्स को लेकर लुक आउट नोटिस जारी कर दिया गया है और उन्हें थाइलैंड से लाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

इंटरपोल ब्लू नोटिस जारी

दूसरी ओर गोवा पुलिस ने क्लब के मालिकों सौरभ और गौरव लूथरा के खिलाफ इंटरपोल ब्लू नोटिस जारी करने के लिए CBI से संपर्क किया है। गोवा पुलिस ने बताया कि अरपोरा स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में शनिवार को यह घटना हुई थी और यह माना जा रहा है कि इसके मालिक सौरभ लूथरा तथा गौरव लूथरा घटना के कुछ घंटे बाद ही थाईलैंड के फुकेत भाग गए।

गोवा में लूथरा ब्रदर्स के क्लब सील

हादसे के बाद से लूथरा ब्रदर्स पर ताबड़तोड़ एक्शन हो रहे हैं। गोवा अथॉरिटी ने लूथरा ब्रदर्स के गोवा में स्थित 2 और क्लब को सील कर दिया है। जिन दो क्लब को सील किया गया है उसमें एक का नाम Caha by romeo lane at anjuna क्लब है। काहा क्लब भी अंजुना बीच का एक फेमस फूड जॉइंट है। इसके साथ ही सौरव लूथरा का वागातोर स्थित रोमियो लेन क्लब भी सील किया गया है।

इंटरपोल रेड नोटिस के लिए प्रक्रिया जारी

इंटरपोल ब्लू नोटिस किसी आपराधिक जांच के संबंध में किसी व्यक्ति की पहचान, स्थान या गतिविधियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिए जारी की जाती है. बताया जा रहा है कि भगोड़ों का पता लगाने के लिए गोवा पुलिस के अनुरोध के बाद इंटरपोल के संपर्क में है. भगोड़ों को हिरासत में लेने का प्रावधान देने वाले रेड नोटिस केवल आरोप पत्र दाखिल होने तथा वांछित व्यक्ति के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी होने के बाद ही जारी किया जा सकता है.

रवांडा ने तोड़ा शांति समझौता, पूर्वी क्षेत्र में तनाव

किंशासा। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के राष्ट्रपति फेलिक्स त्शिसेकेदी ने रवांडा पर हाल ही में हुए शांति समझौते का पालन न करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने यह टिप्पणी संसद को संबोधित करते हुए की। राष्ट्रपति का यह बयान उस समय आया है जब कुछ दिन पहले ही वे वॉशिंगटन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्रीय शांति बहाली से जुड़े समझौतों पर हस्ताक्षर कर चुके थे। रवांडा की ओर से इस आरोप पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। अमेरिका और कतर की मध्यस्थता में कांगो, रवांडा और एम23 विद्रोही गुट के बीच पिछले महीनों में कई शांति समझौते हुए थे। इसके बावजूद पूर्वी कांगो में हिंसा का दौर थम नहीं रहा है। सप्ताहांत में एम23 विद्रोही समूह, जिन्हें स्थानीय स्तर पर रवांडा समर्थित बताया जा रहा है, ने बुरुंडी सीमा के निकट लुवुंगी गांव पर कब्जा कर लिया। स्थानीय निवासियों ने इसकी पुष्टि करते हुए विद्रोहियों की एक बैठक का वीडियो भी साझा किया।

कांगो के राष्ट्रपति फेलिक्स त्शिसेकेदी ने लगाया आरोप

CJI पर जूता फेंकने वाले वकील के साथ हाथापाई

कड़कड़डूमा कोर्ट में पहुंचते ही वकीलों की भीड़ ने खींचा

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई की ओर जूता उछालने वाले वकील राकेश किशोर को मंगलवार को कड़कड़डूमा कोर्ट में वकीलों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। कोर्ट परिसर में पहुंचते ही कई वकीलों ने उनके खिलाफ नाराज़गी जताई और हाथापाई की कोशिश की। सामने आए वीडियो में राकेश किशोर खुद को भीड़ से बचाते हुए दिखाई दे रहे हैं। 6 अक्टूबर को राकेश किशोर ने सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही के दौरान चीफ जस्टिस गवई पर कथित तौर पर जूता फेंकने की कोशिश की थी।

अटार्नी जनरल ने की थी कार्यवाही की संस्तुति

इस घटना की कानूनी बिरादरी ने व्यापक निंदा की थी और सुप्रीम कोर्ट के बाहर प्रदर्शन भी किया था। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने पर सहमति दे दी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी करने से इनकार करते हुए कहा था कि ऐसा करना मामले को अनावश्यक महत्व देना होगा। कोर्ट परिसर में हुए ताज़ा विरोध के बाद यह मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है।

रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस: 57.47 करोड़ का घोटाला

CBI ने दर्ज किया बैंक घोटाले का केस, कई स्थानों पर की गई छापेमारी

एजेंसी । गोवा

बैंक धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल), उसके प्रमोटर्स/निदेशकों तथा कुछ अज्ञात बैंक अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। आरोप है कि कंपनी ने आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी के जरिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र को 57.47 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया। सीबीआई को यह शिकायत बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ओर से प्राप्त हुई थी। बैंक ने बताया कि आरसीएफएल के लोन खाते को 25 मार्च 2020 को एनपीए घोषित किया गया था, जबकि 4 अक्टूबर 2025 को इसे औपचारिक रूप से फ्रॉड श्रेणी में डाल दिया गया। आरसीएफएल ने विभिन्न 31 बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों से 9,280 करोड़ रुपये तक के ऋण लिए थे, जिनमें बैंक ऑफ महाराष्ट्र भी शामिल है।

स्पेशल कोर्ट ने जारी किया वारंट

शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने मुंबई की स्पेशल कोर्ट से तलाशी वारंट हासिल किया और मंगलवार को आरसीएफएल के दफ्तर के साथ-साथ कंपनी के निदेशक देवांग प्रवीन मोदी के पुणे स्थित आवास पर छापेमारी शुरू की। जांच अधिकारियों ने वहां से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं, जिन्हें जब्त किया जा रहा है। सीबीआई की तलाशी और जांच प्रक्रिया फिलहाल जारी है।

आतंकियों के ठिकानों की खोज में NIA, जंगल में तलाशी

CRPF के सहयोग से चलाया गया तलाशी अभियान

दो आरोपी अदील, जसीर भी तलाशी में साथ में रहे

एजेंसी । श्रीनगर

दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए विस्फोट मामले की जांच में जुटी नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के जंगली क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों के अनुसार, एनआईए की टीम स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ के सहयोग से यह कार्रवाई कर रही है। टीम अपने साथ उन दो आरोपितों—डॉ. अदील राथर और जसीर बिलाल वानी—को भी लेकर पहुंची, जिन्हें हाल ही में "व्हाइट कॉलर" टेरर मॉड्यूल से जुड़े होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपितों ने दक्षिण कश्मीर के मट्टन क्षेत्र स्थित जंगलों में कुछ ठिकानों के बारे में जानकारी दी थी।

पहले नागरिकता लें, फिर मतदाता सूची में दर्ज होगा नाम : शीर्ष कोर्ट

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उन व्यक्तियों के नाम तत्काल मतदाता सूची में शामिल करने से इनकार कर दिया है, जिन्होंने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), 2019 के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने स्पष्ट कहा कि जब तक सक्षम प्राधिकार नागरिकता पर अंतिम फैसला नहीं कर देता, तब तक ऐसे लोगों को मतदाता सूची का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि पहले नागरिकता मिलनी जरूरी है, उसके बाद ही मतदाता के अधिकार लागू होंगे। यह याचिका गैर सरकारी संगठन 'आत्मदीप' द्वारा दाखिल की गई, जिसमें बांग्लादेश से आए और सीएए के तहत नागरिकता पाने के पात्र शरणार्थियों को पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद वोटर लिस्ट में शामिल करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी ने तर्क दिया कि नागरिकता का अधिकार आवेदन की तारीख से माना जाना चाहिए और कई आवेदनों को अभी तक प्रोसेस भी नहीं किया गया है।

निर्णय की जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर

भारत सरकार द्वारा नागरिकता निर्धारण के लिए कुछ प्राधिकार तय किए गए हैं और उन्हीं के फैसले के बाद मतदाता सूची का सवाल उठ सकता है। निर्वाचन आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने भी कहा कि इस मुद्दे पर निर्णय केंद्र सरकार का है, आयोग का इसमें कोई रोल नहीं है। वरिष्ठ अधिवक्ता नंदी ने मामले पर समयसीमा तय करने की जरूरत पर जोर दिया।

लोकसभा 22.74 करोड़ हो जाएगी 60 साल से ऊपर की आबादी

2036 तक हर 7 में 1 भारतीय सीनियर सिटिजन होगा

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है। 2011 में देश में 60 साल से ऊपर की आबादी 10.16 करोड़ थी, जो 2036 तक बढ़कर 22.74 करोड़ हो जाएगी। यानी बुजुर्गों की आबादी का हिस्सा कुल जनसंख्या में 8.4% से बढ़कर 14.9% हो जाएगा और हर 7 में 1 भारतीय सीनियर सिटिजन होगा।

सरकार का लोकसभा में लिखित जवाब

ये जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में एक लिखित जवाब में दी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे देश में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है, उनके सामने स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक निर्भरता और डिजिटल सुविधाओं का उपयोग जैसी चुनौतियां भी बढ़ती जा रही हैं।

आर्थिक निर्भरता जैसी चुनौतियां

सरकार ने माना है कि जैसे-जैसे देश में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है, परिवारों का ढांचा और रिश्तों का तरीका भी बदल रहा है। पहले ज्यादातर लोग संयुक्त परिवार में रहते थे, जहां बुजुर्गों की देखभाल सब मिलकर करते थे। अब छोटे परिवार बढ़ रहे हैं, जिससे बुजुर्गों की देखभाल का तरीका भी बदल गया है और उनकी जिम्मेदारी कम लोगों पर आ गई है। नई रिपोर्टों में इसे "विरोधाभास" कहा गया है, यानि बुजुर्गों की संख्या तो बढ़ रही है, लेकिन समाज की सोच, जिम्मेदारी और उनकी देखभाल को लेकर उम्मीदें पहले जैसी नहीं रहीं। इसका सीधा असर बुजुर्गों की देखभाल और उनके सम्मान पर पड़ रहा है।

DBD फाइल: 2050 तक पांचवा भारतीय बुजुर्ग होगा: नीति आयोग

इससे पहले 2023 में नीति आयोग ने बताया था कि दुनियाभर में 60 साल से अधिक उम्र के लोगों की आबादी बढ़ रही है। भारत में भी जन्मदर गिरने से बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है। 2050 तक कुल जनसंख्या के 19 .5% बुजुर्ग होंगे, जो फिलहाल 10% हैं। अभी कुल आबादी में 10 .40 करोड़ लोग बुजुर्ग हैं। अनुमान है कि 2050 तक हर पांचवा भारतीय बुजुर्ग होगा।

दिल्ली-NCR में 6°C पारा, कोहरा और हवाएं बढ़ाएंगी मुश्किलें

एजेंसी । नई दिल्ली

देश की राजधानी अब ठिठुरने लगी है। सुबह से शाम तक ठंड का एहसास होने लगा है। वहीं इस हफ्ते दिल्ली-NCR में मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। 11-12 दिसंबर को तापमान गिरकर 6C तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 9 से 14 दिसंबर के बीच सुबह के समय कोहरा और धुंध छाई रहेगी, जबकि दिन में हल्के बादल और ठंडी हवाएं चलेंगी। नए पश्चिमी विक्षोभ के 13 दिसंबर को पहाड़ों पर पहुंचने से उत्तरी भारत में प्रभाव पड़ेगा लेकिन दिल्ली में इसका असर सीमित रहेगा।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान

दिल्ली में 9 दिसंबर से 14 दिसंबर तक मौसम साफ से लेकर हल्के बादलों वाला रहने की संभावना है। हवा की रफ्तार 5 से 25 किमी प्रति घंटा के बीच रहेगी और सुबह के समय घना कोहरा लोगों की मुश्किलें बढ़ा सकता है। 9 दिसंबर को हवाएं सबसे अधिक तेज चलेंगी, जबकि 10 और 11 दिसंबर को आसमान साफ और सुबह हल्का कोहरा देखने को मिलेगा।